फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 36, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 03 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पूर्वोत्तर के दो राज्यों में खिला कमल, मेघालय में एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी

# पूर्वोत्तर में खिला कमल





**नई दिल्ली: पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों और पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के नतीजे अब स्पष्ट हो गए हैं। त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा की सहयोगियों के साथ सत्ता में वापसी हुई है तो वहीं मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में से तीन में कांग्रेस के हाथ जीत लगी है। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव 60 सीटों वाले त्रिपुरा विधानसभा में भाजपा- 32 उनकी सहयोगी आईपीएफटी-1 सीपीआई (एम)-11 उनकी सहयोगी कांग्रेस-3, त्रिपुरा मोथा पार्टी-13 सीटों पर जीत दर्ज की है। नगालैंड विधानसभा चुनाव की 60 सीटों वाले मेघालय में भाजपा ने एक सीट निर्विरोध जीती थी। वहीं, 59 सीटों पर मतदान हुआ था। 60 सीटों वाली विधानसभा में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को 25, भारतीय जनता पार्टी को 12, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 7, नेशनल पीपुल्स पार्टी 5, लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास), नागा पीपल्स फ्रंट, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) दो-दो, जनता दल (यूनाइटिड) 1 और निर्दलीय चार सीटों पर जीतें हैं। मेघालय विधानसभा चुनाव की 60 सीटों में से मेघालय विधानसभा में 59 सीटों पर मतदान हुआ था।

मेघालय की सोहिओंग (एसटी) सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु के चलते मतदान स्थगित किया गया था। यहां नेशनल पीपुल्स पार्टी 26, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी 11, वायस ऑफ द पीयूप्ल पार्टी 4, तृणमूल कांग्रेस 5, कांग्रेस 5, भारतीय जनता पार्टी 2, हिल स्टेट पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 2, निर्दलीय 2 पर जीते हैं।

## उपचुनावों में कांग्रेस ने पांच में से तीन में लहराया परचम

**महाराष्ट्र** की कसबा पेठ सीट पर कांग्रेस के धंगेकर रवींद्र हेमराज, तमिलनाडु की ईरोड (पूर्व) (एससी)पर डीएमके समर्थन के साथ कांग्रेस ई.वी.के.एस.एलंगोवन और पश्चिम बंगाल की सागरदिघी में कांग्रेस के बायरन बिस्वास ने जीत दर्ज की है। वहीं महाराष्ट्र की चिंचवड सीट पर भाजपा के अश्विनी लक्ष्मण जगताप ने जीत दर्ज की है और अरुणाचल प्रदेश की लुमला (एसटी) सीट पर भाजपा उम्मीदवार मायरालबोर्न साइम का पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट पर आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने जीत दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा विधानसभा की 60 सीटों पर 16 फरवरी और मेघालय व नागालैंड की 59-59 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान हुआ था। इसके अलावा महाराष्ट्र की दो सीटों पर उपचुनाव के लिए रविवार और तीन राज्यों की एक-एक सीट पर उप चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ था।

**यह प्रगति और स्थिरता के लिए वोट है: पीएम मोदी**

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों की त्रिपुरा और नागालैंड में जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह प्रगति और स्थिरता के लिए वोट है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास पथ को बढ़ावा देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं नागालैंड के लोगों को नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नागालैंड गठबंधन को राज्य की सेवा करने के लिए एक और जनादेश देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए अमीर देश जिम्मेदार: मोदी




**नई दिल्ली:** जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। इसमें यूएस, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। मीटिंग के इनॉगरल सेशन में पीएम मोदी ने कहा कि कई साल की प्रगति के बाद आज हमारे सामने रिस्क है कि कहीं हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स में पीछे की तरफ न चले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई विकासशील देश इस समय फूड और एनर्जी सिक्योरिटी के लिए ऐसे कर्ज तले दबे हैं, जिन्हें वे संभाल नहीं पा रहे। अमीर देशों ने जो ग्लोबल वॉर्मिंग की है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश ही हैं। इसी के चलते भारत ने जी20 प्रेसिडेंसी के तहत ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की कोशिश की है।

### मोदी इज मोस्ट लवेबल: इटली पीएम

**नई दिल्ली:** रायसीना डायलॉग का 8वां संस्करण दिल्ली में शुरू हो गया है। इसकी चीफ गेस्ट इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कहा किप्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं। इसके लिए उन्हें बधाई। ये बातें सुनकर दूसरे डायस पर खड़े मोदी हंसते नजर आए। यहां मोदी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज का ऐलान किया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया में हुए समझौते




**नई दिल्ली: भारत और** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को योग्यता की पारस्परिक मान्यता के लिए एक रूपरेखा तंत्र पर हस्ताक्षर किए जो दोनों देशों के बीच छात्रों और पेशेवरों की गतिशीलता को कम करने में मदद करेगा। भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के बीच नई दिल्ली में एक द्विपक्षीय बैठक के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता गत वर्ष 21 मार्च को आयोजित दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वर्चुअल शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता के लिए एक संयुक्त कार्यबल स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी। तदनुसार एक टास्क फोर्स का गठन किया गया जिसमें शिक्षा और कौशल मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी और दोनों पक्षों के नियामक शामिल थे। यह एक व्यापक तंत्र के साथ आया है जो दोनों देशों की शिक्षा और कौशल योग्यता दोनों को कवर करता है और शिक्षा और कौशल योग्यता के विभिन्न स्तरों को पारस्परिक रूप से पहचान कर शिक्षा और रोजगार के उद्देश्यों के लिए युवाओं की दो तरफा गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा। मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत ज्ञान स्तंभ को द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख पहलू बनाने के लिए गठबंधन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देश हमारे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए साझेदारी की नई रूपरेखा तैयार करने पर सहमत हुए हैं।मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि, जैसा कि भारत ने सुझाव दिया है।


## भारत ने जारी किया जी-20 विदेश मंत्री बैठक का सारांश पत्र




**नई दिल्ली:** यूक्रेन संघर्ष के कारण जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में रूस और पश्चिमी देशों के बीच कायम मतभेदों के कारण संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं हो सका। बैठक के अध्यक्ष के रूप में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विचार-विमर्श का नतीजा संबंधी सारांश जारी किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर मतभेदों के कारण तालमेल कायम करने के भारत के प्रयास सफल नहीं हुए, लेकिन दुनिया विशेषकर विकासशील और कमविकसित देशों के सामने मौजूद चुनौतियों पर समान राय बनाने में हमें कामयाबी मिली। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बंगलुरू में आयोजित जी-20 वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों की बैठक में भी यूक्रेन संघर्ष पर कायम मतभेदों को दूर नहीं किया जा सका था। इसके कारण संयुक्त वक्तव्य की बजाये अध्यक्षीय सारांश जारी हुआ था। बैठक के बाद जारी 24 पैराग्राफ वाला अध्यक्षीय सारांश और परिणाम दस्तावेज जारी किया गया। इसके तीसरे और चौथे पैराग्राफ में यूक्रेन युद्ध का जिक्र है। इन दोनों पैराग्राफ पर रूस और चीन ने अपनी असहमति दर्ज कराई जबकि अन्य सभी देश पूरे दस्तावेज पर सहमत थे। मतभेदों का कारण बने तीसरे और चौथे पैराग्राफ गत वर्ष इंडोनेशिया के बाली में आयोजित शिखर सम्मेलन में जारी घोषणा पत्र से लिए गये थे। इनमें यूक्रेन युद्ध के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गये ।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- ये नियुक्तियां सीबीआई डायरेक्टर की तरह हो; पहले सरकार ही तय करती थी

## चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा



**नई दिल्ली:** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। 5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह चयन प्रक्रिया सीबीआई डायरेक्टर की तर्ज पर होनी चाहिए।

**कोर्ट ने कहा- इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी:** जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी जानी चाहिए। नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरुरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रहकर निभाए।

## भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा के नामांकन का किया समर्थन

**नई दिल्ली: भारत** ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा के नामांकन को अपना समर्थन दिया है। भारत ने कहा कि उनका नामांकन ऐसे समय में हुआ है, जब संस्था अगली पीढ़ी के सुधारों पर विचार कर रही है। अजय बंगा भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को ट्वीट कर विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर अजय बंगा को अपना समर्थन और बधाई दी है। मंत्रालय ने ट्वीट में कहा कि भारत अजय बंगा के नामांकन का समर्थन करता है। इसके साथ ही विश्व बैंक में उनके नेतृत्व के लिए उत्साहित है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले महीने इसकी घोषणा की थी। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा का नामांकन कर रहा है। उनका कहना था कि भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री में इतिहास के इस नाजुक वक्त में दुनिया की अगुआई करने की सभी विशेषताएं मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक के निदेशक मंडल की मंजूरी मिलते ही अजय बंगा दुनिया की दो शीर्ष वित्तीय संस्थाओं के प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी और अमेरिकी-सिख बन जाएंगे। बंगा इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## हाथरस कांड के चारों आरोपी रेप केस में बरी

### कोर्ट ने एक को गैरइरादतन हत्या का दोषी माना, उम्रकैद की सजा सुनाई



**हाथरस:** हाथरस गैंगरेप कांड में गुरुवार को ढाई साल बाद एससी-एसटी कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 4 आरोपियों में से सिर्फ एक संदीप ठाकुर को दोषी माना है। जबकि 3 आरोपियों लवकुश सिंह, रामू सिंह और रवि सिंह को बरी कर दिया। अदालत ने संदीप को गैर इरादतन हत्या ( धारा-304 ) और एससी/एसटी एक्ट में दोषी माना है। संदीप को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 4 आरोपियों में से किसी पर भी गैंगरेप का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। वहीं, पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा है, "वह कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे।" इससे पहले, गुरुवार सुबह चारों आरोपियों को पेशी पर कोर्ट लाया गया था। फैसले को देखते हुए कोर्ट में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था।

गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 3 आरोपी को बरी कर दिया।

गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 3 आरोपी को बरी कर दिया।

**ढाई साल पहले हुआ था हाथरस कांड:** मामला हाथरस के चंदपा क्षेत्र के एक गांव का है। 14 सितंबर 2020 को दलित युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। आरोप गांव के ही चार युवकों पर लगा था। पीड़िता की बेरहमी से जीभ काट दी गई थी। युवती के भाई ने गांव के ही संदीप ठाकुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में युवती के बयान के आधार पर 26 सितंबर को तीन अन्य लवकुश सिंह, रामू सिंह और रवि सिंह को भी आरोपी बनाया गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हाथरस में सिर्फ कोर्ट कैंपस नहीं, बल्कि फैसले को देखते हुए आसपास भी बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही है। हाथरस में सिर्फ कोर्ट कैंपस नहीं, बल्कि फैसले को देखते हुए आसपास भी बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही है।

## लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए नई सोच जरूरी: राहुल गांधी



**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी नए लुक में ब्रिटेन पहुंचे। अपने 7 दिन के ब्रिटेन दौरे की शुरूआत उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच से की। राहुल ने बिजनेस स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम एक ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते, जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई न हो। इसलिए, इस बारे में हमें नई सोच की जरूरत है। राहुल का संबोधन लर्निंग टू लिसन यानी सुनने की कला पर फोकस था। उन्होंने कहा कि सुनने की कला बहुत पावरफुल होती है। इस दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नई सोच का आह्वान किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए नई सोच जरूरी है, लेकिन उसे थोपा न जाए। अपने भाषण के दौरान राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया।

**पहले हिस्से में भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र:** कांग्रेस नेता के भाषण को तीन भागों में बांटा गया था। इसकी शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा से हुई। राहुल ने कैम्ब्रिज के छात्रों को बताया कि यात्रा एक जर्नी है, जिसमें लोग खुद के बजाए दूसरों को सुनते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के जरिए वह भारत में बेरोजगारी, अन्याय और लगातार बढ़ रही असमानता की ओर ध्यान खींचा।

राहुल की 7 सितंबर को शुरू हुई इस यात्रा ने करीब 3570 किमी का सफर तय किया है। कुल 146 दिन के इस सफर में राहुल ने 14 राज्यों की सीमाओं को छुआ है।

**दूसरे हिस्से में सेंकेंड वर्ल्ड वॉर का जिक्र:** राहुल के भाषण का दूसरा हिस्सा सेंकेंड वर्ल्ड का जिक्र था, जो मुख्य रूप से सोवियत संघ के 1991 के विघटन के बाद से अमेरिका और चीन के दो अलग-अलग पहलू पर फोकस था। राहुल गांधी ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित नौकरियों को खत्म करने के अलावा अमेरिका ने 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों के बाद से अमेरिका ने खुद को समेट लिया है।

## नई नीति से सैन्य क्षमता मजबूत होगी: ओम बिरला



**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि मजबूत भारत के लिए जरूरी मजबूत सेना बनाने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता से जुड़ी कई पहल की हैं ताकि एक मजबूत नींव तैयार हो सके। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी), नई दिल्ली के 63वें पाठ्यक्रम के सदस्यों को संबोधित किया। बिरला ने रक्षा क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को शामिल किए जाने की नई नीति की सराहना की और कहा कि ऐसे उपायों से हमारी सैन्य क्षमता और मजबूत होगी। अधिक से अधिक संख्या में लड़कियों के रक्षा बलों में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि यह राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण को दशार्ता है। बिरला ने कहा कि रक्षा औद्योगिक कॉरिडॉर के निर्माण से लेकर विनिर्माण तंत्र के लिए आपूर्ति श्रृंखला बनाने।

**खबर संक्षेप**

## मालवाहक की टक्कर से अधेड़ हुआ जख्मी

**झूंसी।** थाने के निकट वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर गुरुवार की शाम तेज रफ्तार पिकप की टक्कर से एक अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। टक्कर मार कर भाग रही पिकप को पकड़ लिया गया और घायल को इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया गया। नीबी भतकार निवासी विजय बहादुर निषाद 50 गुरुवार को झूंसी थाने के निकट जीटी रोड पार कर रहा था तभी वहा से गुजर रही तेज रफ़्तार पिकप ने विजय बहादुर को टक्कर मार दिया और वह सड़क पर जा गिरा बताया जाता है कि भागते वक्त पिकप ने सड़क पर गिरे विजय बहादुर के पैर पर चढ़ कर निकल गया। लोगो ने दौड़ाकर पिकप को पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुची पुलिस घायल को उपचार के लिए भेज पिकप थाने लाई। चालक फरार बताया जा रहा है।

## मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत मोहम्मदिया गौसिया निस्वा में मनाया गया जश्ने जलसा

अखंड भारत संदेश



**नैनी प्रयागराज।** प्रयागराज के भंडरा उमर गंज स्थित मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत मोहम्मदिया गौसिया निस्वा में पहला सालाना जलसा मनाया गया दीनी तालीम में पास हुई 22 बच्चियों के जश्ने रिदाए इल्म व जलसा का प्रोग्राम किया गया। जश्ने जलसे में महिलाओं के जलसा प्रोग्राम में तिलावते कुरान से प्रोग्राम का आगाज हुआ उसके बाद नाते मुस्तफा पढ़ने के बाद जलसे को शुरू किया गया। इसके बाद बारी बारी से आलीमा हुई बच्चियों ने इस्लाम पर रोशनी डाली व अमन शांति का पैगाम दिया तो कोई अलिमा दीन के बारे में बखूबी बताया मनकबत भी पढ़ी गई। केरात और तबलीगी शोबे को पूरा करने वाली 22 बच्चियों को रेदा और सनद से नवाजा गया। आलिमा सबा खातून कानपुरी ने खेताब किया इस दौरान उन्होंने जलसे में आई हुई हजारों महिलाओं को रसूले पाक की बेटी के नक्शे कदम पर चलने के लिए महिलाओं से अपील की और अपने परिवार में सभी को नमाज का पाबंद बनाएं तमाम बातें दीन पर रोशनी डाली। मदरसे के प्रिंसिपल इलमा खातून और स्टाफ फरजीन बेगम, मंतशा खातून ने जलसे में आई हुई महिलाओं का इस्तकबाल किया। मदरसा दारूल उलूम के सरपरस्त जमात रजा ए मुस्तफा के सदर मुफ्ती वसीम रिजवी नायब सदर मौलाना यूसुफ,दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अल्ताफ कादरी, हस्मत उल्लाह रजवी, मौलवी मोहम्मद अहमद मौलाना शाहनवाज आलम, हाफिज फैय्याज की मेहनत से इस प्रोग्राम का आयोजन हुआ इस दौरान बच्चियों के दस्तारबंदी के दौरान लोगों में एक खुशी का माहौल रहा। बड़े हर्ष उल्लास के साथ दस्तारबंदी जलसे का प्रोग्राम सकुशल संपन्न हुआ इस दौरान जमात रजा ए मुस्तफा के सभी पदाधिकारी सदस्य गणों के साथ गांव के सम्मानित ग्राम प्रधान इमरान, पूर्व प्रधान जहीर अहमद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद नसीम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दहेज में दो लाख एवं कार न मिलने पर पति ने पत्नी के साथ अप्राकृतिक सेक्स किया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में दो लाख और कार की मांग न पूरी होने पर अप्राकृतिक सेक्स करने का आरोप लगाते हुए नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासनीय एक महिला का कहना है कि उसकी शादी 2014 में हंडिया के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी सागर सिंह पुत्र संतोष सिंह के साथ हुई थी। आरोप है किससुराली निरंतर उससे दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे। मांग न पूरी होने पर उसे मारा पीटा जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि पति उसके साथ जबरियन अप्राकृतिक सेक्स एंव मुख मैथुन करता था। विरोध पर ससुराली मिल कर मारते पीटते। विवाहिता का आरोप है उसे मार पीट कर ससुराली भगा लिए। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में पति सागर सिंह ,ससुर संतोष सिंह, सास सुधा सिंह ,ननद अंशू सिंह ,चचिया ससुर सतीश सिंह ,चचिया सास पूनम सिंह ,आजिया ससुर देवराज सिंह ,अजिया सास मनीराज सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**प्रयागराज।** आज शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से बीरकजी, फूलपुर स्थित कार्यालय पर इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ सम्बद्ध ऐक्टू के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो को वरिष्ठ मजदूर किसान नेता कॉम सुभाष पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए *ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि आज से 23 वर्ष पहले जब ठेका मजदूरों ने अपने हक हकूक के लिए इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ का गठन किया था, तब से अब तक तमाम उतार चढ़ाव देखा है, संगठन हमेशा मजदूरों के हित में संघर्ष करता रहा है और करता रहेगा, आज की सरकारें वर्षो के संघर्ष और शहादत के बाद प्राप्त श्रमिक अधिकारों को छीन रही है। डॉ कमल उसरी ने कहा* कि आज कई दिनों से प्रयागराज की सैकड़ों महानगरीय बसों को फिटनेस के नाम पर बंद कर दिया गया है, और वह भी तब जब दुनिया की सबसे बड़ी यूपी बोर्ड की परीक्षा चल रही है, महानगरीय बसों की बंदी सेजहाँ आम को दिक्कत हो रही है वही रोडवेज में कार्यरत हजारों चालक परिचालक सेवा से बाहर हो गए है जो पुनः सेवा में समायोजित होने के लिए झूँसी कार्यशाला में आंदोलनरत है हम सब इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ संबद्ध ऐक्टू की तरफ से संघर्षरत रोडवेज संविदा कर्मियों का समर्थन करते हुए सरकार से मांग करते है कि तत्काल रोडवेज संविदाकर्मियों को समायोजित करते हुए प्रयागराज महानगरीय बसों को चलाया जाय जिससे मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, किसानों सहित आम नागरिकों को सस्ती दरों वाली परिवहन सुविधा मिल सके। इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ के अध्यक्ष कॉम विजय सिंह यादव व मंत्री कॉम त्रिलोकी नाथ पटेल ने संयुक्त रूप से कहा* कि हम लोग गांव गाँव भट्ठा, मनरेगा, निर्माण मजदूरों के बीच जाकर ईएसआई अस्पताल फुलपुर में खोलवाने के लिए एकजुटता बनाकर संघर्ष तेज करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से डॉ कमल उसरी, विजय सिंह, त्रिभुवन नाथ, महामंत्री- त्रिलोकी पटेल, फूलचंद्र प्रजापति, मनोज कुमार, राजनाथ भारतीय सेकेंड, अमर सिंह, जगदीश कुमार, नान्हूदास, बंशीलाल फस्ट, राजेश पटेल, कमल सिंह, श्याम बहादुर भारतीय, रामचंद्र सेकेंड, द्वारिका प्रसाद पटेल, वीरेन्द्र मिश्रा, रामचंद्र यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सड़कों तक नहीं पहुंच रहा है गड्ढा मुक्त अभियान

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** ग्राम चन्द्रहास का मुख्य -मार्ग जिसमें कई मुहल्ले जुड़े हुए हैं , जिससे ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क पौसिया से पथरा मार्ग पर पहुंचते हैं। लगभग 15वर्ष पहले बनकर तैयार हुई थी,तब से लेकर आज तक कभी भी रिपेयर तक नहीं हुई है जिसके कारण आवागमन में काफी मुश्किल हो रही है, चन्द्रहास गांव के ग्रामीण उग्रसेन पाल, हरिशंकर शर्मा, राकेश कुमार, प्रद्युम्न मिश्र आदि ने बताया कि जहां ज्यादा गड्ढे हो गए हैं वहां ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से क्रेशर प्लांट की गिट्टी लाकर गड्ढों को भर दिया जाता है जिससे कि टैक्टर वगैरह से खेतों से अनाज लाने में आसानी रहे। ग्रामीण समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने हेतु जनपंचायत लगाने वाली संस्था जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र का कहना है कि एक तरफ शासन द्वारा सड़कों पर विशेष ध्यान देने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी तरफ मेजा तहसील में स्थित सम्पर्क मार्ग भोजपुरवा से पथरा,सींकी कला से लालतारा, श्याम नगर पुलिया से परमहंस स्थली कुटी भ?इयां, नहर की पुलिया हड़गड़ से ग्राम हड़गड़, सहित दर्जनों ऐसे मार्ग हैं जो कि बेहद ही जर्जर अवस्था में दिखाई देते हैं। यहां पर गड्ढा मुक्त अभियान का असर ही नहीं दिखाई देता।

## शांति और सुरक्षा व्यवस्था भंग की तो किसी की खैर नहीं: एसीपी

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** होली एवं शबे बारात के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में एसीपी संतलाल सरोज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संपन्न हुई। स्थानीय लोगों के साथ आयोजित बैठक में एसीपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा है। होली का त्यौहार सभी को एक साथ मिलकर रहने और एक दूसरे का सम्मान करने की सीख देता है। रंगोत्सव के मौके पर कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे किसी की भावना और सम्मान को ठेस पहुंचे। एसीपी संतलाल सरोज ने आगे कहा कि त्यौहार को त्यौहार की तरह मनाएं। कोई ऐसा काम ना करें, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। त्यौहार दिलों को जोड़ने का कार्य करते हैं, दिलों को तोड़ने का नहीं। प्रशासन पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तटस्थ है। शांति व्यवस्था भंग करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली के मौके पर विद्युत व्यवस्था, जलापूर्ति के साथ साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक प्रवेश यादव, उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विवेक कुमार राय, शारदा तिवारी, प्रधान पुष्पराज सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा, व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी, राम अभिलाष त्रिपाठी, राजेश कुमार केसरवानी, दीपक केसरवानी, टमाटर गुरु, कमलेश केसरवानी, कौशल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



## होली व शब ए बारात पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**जारी।** होली व शब ए बारात का त्यौहार शांतिपूर्वक व सकुशल निपटे इसलिए गुरुवार को कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी प्रभारी शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व में चौकी परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त योगेंद्र कुमार ने किया।बैठक में उपस्थित सम्मानित लोगों को सम्बोधित करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि आगामी होली व शब ए बारात त्यौहारो शांतिप्रिय ढंग से मनाया जाना चाहिए। होली पर तेज रफ्तार नशे में बाइक चलाने वालों पर होगी विशेष नजर किसी भी प्रकार का अभद्र हुडदंग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि किसी भी तरह की शिकायत आती है तो ऐसे अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। कौंधियारा थानाध्यक्ष नवीन सिंह ने होली का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से निपटाए जाने का आश्वासन दिया इस बैठक में ब्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र बबलू केशरवानी, जारी ग्राम प्रधान रेनू बिहारी जायसवाल , मोती लाल कुरील ,मनोज सोनकर , रंजीत गुप्ता , मंगला कोटार्य , सुबोध साहू , अनीस केसरवानी ,बैजनाथ , विकास गुप्ता ,रोहन केसरवानी ,विनोद केशरवानी ,दिलीप केशरवानी, नीरज श्रीवास्तव, अनीश केसरवानी, नेता अग्रहरी ,पिंटू सिंह समेत दर्जनों उपस्थित रहे ।



## रोटरी प्लैटिनम ने किया नैनी सेन्ट्रल जेल में मेडिकल कैंप का आयोजन

**नैनी।** सेंट्रल जेल में गुरुवार को रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम द्वारा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कैदियो एवं आश्रितों का निःशुल्क परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिव रोटेरियन डॉक्टर प्रतीक पांडेय ने बताया इस मेडिकल कैम्प में आंख, कान, नाक, गला, जोड़ो का दर्द, चर्म रोग, स्त्री रोग, दंत रोग एवं अन्य सामान्य और जटिल रोग हेतु चिकित्सक परामर्श दिया गया और दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इसके पहले भी जेल मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक शशिकांत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डिप्टी अधीक्षक आरके सिंह एवं जेलर आरती पटेल थी। इस मेडिकल कैम्प में रोटेरियन संजय सिंह, विकल्प अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, दीपक गुप्ता, पंकज गुप्ता, पीयूष रंजन अग्रवाल, जय कुमार, अजय शर्मा, सुमित अग्रवाल, मनीष गर्ग एवं रोट्रेक्ट क्लब से आदर्श, शिवम एवं अन्य रोटरी सदस्य मौजूद रहे।

## मण्डलीय फल, शाक -भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में शुआट्स ने जीता कई पुरस्कार

अखंड भारत संदेश




**नैनी, प्रयागराज।** राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित मण्डलीय फल, शाक -भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में शुआट्स के उद्यान विभाग एवं लैण्ड स्कैपिंग की युनिट ने भाग लिया जिसमें उद्यान विभाग के छात्र एवं छात्राओ ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओ में भाग लिया। इसमें फल, फूल, सब्जी आदि थी जिसमें शिवानी रेड्डी अदुला, आकॉक्षा पटेल, मीनाक्षी, अमन सिंह, अर्चना सी एस., देव ज्योति जेना, फ्लोरेन्स डेविड, आयुष्मान, प्राची ताम्रकार और अवनीश पाण्डेय को फुलो के प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार मिला और महेश एम के, सौम्या मिश्रा द्वितीय वीनू सिंह को प्रोत्साहन और सब्जी में सौम्या मिश्रा, रिया वर्मा, सौरभ शुक्ला, देवांशी, राकेश रेड्डी को प्रथम पुरस्कार एवं अखिलेश कुमार, रजीत रेड्डी, पंकज मौर्या को द्वितीय पुरस्कार, ललित कुमार वर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ। अशोक कुमार, सेन्टी लेम्ला, शशीकान्त एक्का, अशोक कुमार, मेघना इेशिता, अमन और हर्षिता को अमरूद की जेली एवं कैन्डी में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ। उद्यान विभाग ने लगभग 28 पुरस्कार प्राप्त किया। श्रेष्ट बडेड गुलाब उद्यान जिसमे 50 से 100 पौधे होः द्वितीय पुरस्कार, श्रेष्ट उद्यान जिसमे 50 से 100 वर्गमीटर होः उद्यान विभाग, शुआट्स (द्वितीय), प्रो. डा.वी.एम. प्रसाद को प्रोत्साहन, श्रेष्ट उद्यान जिसमे 500 से 1000 वर्गमीटर में कुलपति कार्यालय प्रशासनिक भवन द्वितीय विजेता कुलपति निवास (प्रोत्साहन), गेस्ट हाउस शुआट्स को (प्रोत्साहन), कृषि इंजीनियरिंग विभाग, शुआट्स (प्रथम) पुरस्कार, श्रेष्ट लॉन 201-300 वर्ग मीटर में कुलपति कार्यालय प्रशानिक भवन को प्रोत्साहन पुरस्कार श्रेष्ट लॉन जिसका 300 वर्ग मीटर से अधिक हो में गेस्ट हाउस शुआट्स (प्रोत्साहन), कृषि इंजीनियरिंग विभाग, शुआट्स (प्रोत्साहन), कुलपति निवास (प्रोत्साहन) पुरस्कार प्राप्त किया। उद्यान विभाग से अतिथि एवं निर्णायक के रूप में प्रो. डा. वी.एम.प्रसाद, डा. आर. ई. विल्सन डा. समीर ई. टोपनो, डा. अनिता करकेटा, डा. उर्फी फातमी, डा. संजय मिश्रा, डा. देवी सिंह, डा. दीपक लाल, अब्दुल समद, नरेन्द्र कुमार, आदि उपस्थित हुए। लैण्डस्कैंपिंग के कर्मचारियों ने भी इसमे अनेक पुरस्कार प्राप्त किया। कम्पनी गार्डेन के कटे मौसमी फूलों के इनामों में प्रथम विजेता- अरबिन्द, द्वितीय विजेता- शक्ति, कम्पनी गार्डेन के कटे मौसमी फूलों के इनामों में प्रथम विजेता-लाल बाबू, द्वितीय विजेता- अनिल कुमार रहे। सी.ए.टी. लॉन में, प्रथम विजेता, गेस्ट हाउस लॉन में - प्रोत्साहन पुरस्कार लैंड्स्कैप यूनिट को प्राप्त हुआ। शुआट्स के उद्यान विज्ञान विभाग के विभागाअध्यक्ष डा. विजय बहादुर ने विभाग के सभी शोध छात्र एवं छात्राओं को प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिये उत्साह बर्धन किया।

## जेल सिपाही व दुकानदार में हुआ विवाद, हंगामा



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के सब्जीमंडी के पास कबाब पराठा की दुकान लगाने वाले दुकानदार व जेल के सिपाही के बीच डॉग, पपी को खरीदने के फेर में विवाद हो गया। आरोप है कि जेल के सिपाही ने किसी दूसरे की जगह दुकानदार को समझकर उससे उलझ गया। विवाद बढ़ने बाद जेल सिपाही ने कबाब पराठा की दुकान मे रखा उसका सारा सामान पलट दिया। जिसे देखकर आसपास के दुकानदार आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर नैनी पुलिस पहुंची और दोनों को शांत कराया। सिपाही ने दुकानदार के नुकसान का हजार्ना दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। चौकी प्रभारी नैनी कस्बा उमांशकर सिंह ने बताया कि दुकानदार और जेल सिपाही के बीच गलतफहमी को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार के नुकसान का हजार्ना सिपाही ने दे दिया। जिसके बाद मामला शांत हो गया।

## मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए : आचार्य रमेश शुक्ल

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** बरियांवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर गुरुवार को कथावाचक कुलगुरु आचार्य रमेश प्रसाद शुक्ल महाराज ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा।उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर यजमान पंडित बरमदीन तिवारी, रामरती देवी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, लालती देवी, चंद्रकांत तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, आचार्य रामदेव तिवारी सोहगौरा, छोटेलाल तिवारी, आचार्य धीरज द्विवेदी, पंडित विष्णु पांडेय, आचार्य मनमोहन पांडेय, मनोज पांडेय, वकील मिश्रा, दिनेश पांडेय, जगदीश दुबे, शीतला मिश्रा, दीवाकर तिवारी, कपिल देव तिवारी, इंद्रमणि तिवारी, त्रिलोकीनाथ शुक्ला, अनिल द्विवेदी, सुरेंद्र शुक्ला, बबऊ पांडेय, चंद्रशेखर शुक्ला, राम अकबाल शुक्ला, मोहन लाल तिवारी, बबलू पांडेय, सत्यांश तिवारी शिवांश, फोटो तिवारी, रुपा तिवारी, श्रद्धा तिवारी, दिव्यांश तिवारी कान्हा, श्रुति तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## पीसीएस के 173 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन तीन मार्च से, 14 मई को प्रस्तावित है परीक्षा

**प्रयागराज।** सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2023 के लिए तीन मार्च से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके तहत 173 पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि, पदों की संख्या बढ़ने के आसार हैं। प्रारंभिक परीक्षा 14 मई को प्रस्तावित है।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को पीसीएस-2023 का विस्तृत विज्ञापन जारी कर देगा। अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि इस बार मुख्य परीक्षा के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव प्रस्तावित हैं। वैकल्पिक विषयों की अनिवार्यता को हटाकर उसकी जगह उत्तर प्रदेश विशेष दो प्रश्नपत्र शामिल किए जाने हैं।इसके अलावा अगर कोई अन्य बदलाव होता है तो परीक्षा का विस्तृत विज्ञापन जारी होने के बाद स्पष्ट हो जाएगा। आयोग के सचिव के अनुसार ऑनलाइन आवेदन तीन मार्च से शुरू हो जाएंगे। ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि तीन अप्रैल और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल निर्धारित की गई है।

## शिक्षकों को बताया यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज का महत्व

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (यूएचवी) पर तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारम्भ गुरुवार को यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के यूआईपी कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) प्रायोजित कार्यक्रम में प्रयागराज और अन्य शहरों के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य वक्ताओं ने प्रतिभागियों को सार्वभौमिक मानव मूल्यों या यूएचवी के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने ऑफलाइन से ऑनलाइन शिक्षण-अधिगम परिवेश में बदलते और चुनौतीपूर्ण परिवर्तन में मानवीय मूल्यों की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें गाजियाबाद से आए मुख्य वक्ता अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज (एकेजीईसी) के सहायक प्रोफेसर बीएन पांडे और पूर्व प्रोफेसर डॉ. एच के राय शामिल थे। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रिंसिपल यूसीईआर, प्रो एचपी शुक्ला, प्रिंसिपल यूआईपी प्रो आलोक मुखर्जी, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट, यूजीआई डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव और डीन, एकेडमिक्स, यूसीईआर सुधांशु कनौजिया, प्रयागराज के शंभूनाथ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के पर्यवेक्षक परीक्षित अग्रवाल, स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक दिलशाद हुसैन सहित यूसीईआर के चेतन स्वरूप भी उपस्थित थे।

# अतीक के करीबी के घर चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अतीक अहमद के एक करीबी के मकान पर सरकार का बुलडोजर चला। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सफदर के मकान को गिरा दिया है। इसपर ढउअ का कहना है, मकान का नक्शा पास नहीं था। सफदर को कई बार नोटिस भेजा गया। जवाब नहीं मिलने के बाद कार्रवाई की जा रही है। वहीं सफदर ने कहा- मुस्लिम होने के नाते प्रशासन ने कार्रवाई की। मेरे मकान का नक्शा पास है। गैर कानूनी तरीके से मकान गिराया गया। ये मकान करेली में 60 फिट रोड पर है।इस कार्रवाई के समय वहां पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। सफदर की जानसन गंज में असलहे की दुकान है। आरोप है कि सफदर अतीक को असलहा सप्लाई करता था। अतीक का लाइसेंसी असलहा भी सफदर के यहां रखवाया गया था।

**उमेश पाल हत्याकांड के बाद लगातार कार्रवाई :** सीएम योगी ने विधानसभा में ऐलान किया था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इसके बाद पुलिस और प्रशासन एक्शन में दिख रहा है। पहले अतीक अहमद के बेटे के ड्राइवर अरबाज को मुठभेड़ में ढेर किया। इसके बाद अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के चकिया स्थित मकान को बुधवार को बुलडोजर से ढहा दिया था।

**3 बुलडोजर ने 5 घंटे में जमींदोज किया 3 करोड़ का मकान :** बुधवार सुबह माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के दो मंजिला मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर से गिरा दिया था। 200 वर्ग गज में बने इस आलीशान मकान की कीमत 3 करोड़ रुपए थी। अतीक अहमद का मकान 2020 में जब ढहाया गया था, तब जफर ने ही उसके परिवार को यहां पनाह दी थी। शाइस्ता परवीन अपने बेटों को लेकर इसी मकान में रहा करती थीं। उमेश पाल हत्याकांड के दिन शूटरों ने इसी मकान में पनाह ली और बाद में अलग-अलग फरार हो गए।





## ऑपरेशन नेस्तनाबूद के तहत अतीक को लग चुकी है 1500 करोड़ की चोट

**प्रयागराज।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद को अब तक 1500 करोड़ रुपए की आर्थिक चोट पहुंचाई है। अब उमेश पाल हत्याकांड में 13 शूटर्स ने जिस तरह से घटना को अंजाम दिया है, सीएम योगी का मैसेज साफ है। योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अखिलेश यादव को दो टूक जवाब दिया है। कहा- माफिया को सपा ने पोषित करने का काम किया है, लेकिन हमारी सरकार उसे मिट्?टी में मिलाने का काम करेगी।अब पीडीए उमेश पाल शूटआउट कांड में शामिल सभी शूटर्स, उनके मददगारों की संपत्तियों की लिस्ट तैयार की है। पीडीए में इस पर दिन-रात काम हो रहा है। अब पीडीए शूटर्स के एक घर और संपत्तियों को मिट्?टी में मिलाने का काम करने जा रही है। आज चकिया एरिया में होने जा रही कार्रवाई भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### 6 से 20 मार्च तक चलाई जाएगी होली स्पेशल ट्रेन

**प्रयागराज।** होली पर्व को देखते हुए रेलवे की ओर से विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मुंबई की तरफ से प्रयागराज की तरफ आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके लिए प्रयागराज से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) के और मुंबई से प्रयागराज के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि होली पर मुंबई की तरफ से बड़ी संख्या में परदेशी अपने घर वापस आएंगे। उनकी सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 04115 और 04116 होली स्पेशल ट्रेन संचालित होगी। जो प्रयागराज से मुंबई और फिर मुंबई से प्रयागराज आएगी। इसका संचालन 6 से 21 मार्च तक होगा। हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह ट्रेन साप्ताहिक होगी। प्रयागराज से जाने वाली ट्रेन प्रत्येक सोमवार को जंक्शन से रवाना होगी जबकि मुंबई से प्रयागराज आने वाली ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रवाना होगी। यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर नैनी, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक, कल्याण होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक पहुंचेगी। प्रयागराज जंक्शन से यह ट्रेन शाम 6 बजे रवाना होगी जो दूसरे दिन दोपहर 2:55 बजे मुंबई पहुंचेगी।

## पासर गैंग से जुड़े आठ क्रेशर प्लांटों को नोटिस

**बारा।** माफिया अतीक अहमद के संरक्षण में चल रहे पासर गैंग के सिंडीकेट में शामिल क्रेशर प्लांटों के खिलाफ भी कार्यवाही शुरू करने की तैयारी चल रही है।यमुनानगर के आठ क्रेशर प्लांटों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है।जवाब आने के बाद कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।इस कार्यवाही में प्लांटों का रजिस्ट्रेशन व खदानों का पट्टा भी निरस्त किया जा सकता है।यमुनानगर के मेजा,भटौती, बारा,कोरांव,माण्डा,कोंहड़ार शंकरगढ़ क्षेत्रों में लगभग छोटे-बड़े मिलाकर एक सैकड़े से अधिक क्रेशर प्लांट संचालित किये जाते हैं।जिनसे प्रतिदिन लगभग चार से पांच हजार ट्रक गिट्टियों का परिवहन किया जाता है।जिनमें प्रतिदिन पासर गैंग के द्वारा लगभग हजारों ट्रकों को पास कराया जाता है। ओवरलोडिंग करने वाले और बिना उचित प्रपत्रों वाले ट्रकों को ही पासर गैंग अपनी सेटिंग बनाकर पास करवाते हैं।जबकि इसी सप्ताह पासर गैंग पर कार्यवाही की गई है।जिलाधिकारी प्रयागराज ने भी इन पासर गैंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं और उच्च स्तरीय समिति भी गठित कर दिया है।पासर गैंग के सिंडीकेट में एआरटीओ प्रवर्तन दल के दो सिपाहियों, कई थानों के पुलिसकर्मी,खनन माफिया, और कुछ क्रेशर प्लांटों के संचालक भी लिप्त हैं।दरअसल, क्रेशर प्लांटों से ही अवैध गिट्टी लादी जाती है और ट्रक ओवरलोड लेकर जाते हैं, इसीलिए क्रेशर प्लांट भी निशाने पर आ रहे हैं।नियमतः क्रेशर प्लांटों पर ही रवन्ना लेकर ओवरलोडिंग की जाँच पड़ताल की जानी चाहिए।वरिष्ठ खान अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि आठ क्रेशर प्लांट संचालकों को नोटिस जारी की गई है और जाँच भी कराई जा रही है।सुबूत मिलने पर इनका पंजीकरण और खदानों के पट्टे निरस्तीकरण की।प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## उमेश पाल हत्याकांड में शूटर अरमान के सासाराम में सरेंडर की चर्चा, खोज रही थीं कई टीमें

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में वांछित शूटर अरमान ने बिहार के सासाराम जिले में सरेंडर कर दिया। बृहस्पतिवार को देर रात इस बात की चर्चा रही। हालांकि किसी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि नहीं की। उमेश पाल की हत्या के सीसीटीवी फुटेज में दिखे शूटरों की पहचान में अरमान का नाम सामने आया था। मूल रूप से सासाराम बिहार का रहने वाला अरमान सिविल लाइंस में रहकर काम करता था। वह अतीक के गुर्गे आशिक उर्फ मल्ली के संपर्क में आया। उसी के जरिए अतीक गिरोह में शामिल हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस अरमान की खोजबीन में लगी थी। आज चर्चा रही कि अरमान ने बृहस्पतिवार को सासाराम बिहार में किसी पुराने केस में सरेंडर कर दिया। हालांकि प्रयागराज के किसी भी अफसर ने इस बारे में कुछ भी नहीं बताया।

## दुकानदार बोला- ग्राहक बनकर आया शूटर, उमेश के पहुंचते ही करने लगा गोलियों की बौछार

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड का एक शूटर जिस इलेक्ट्रिक की दुकान पर ग्राहक बनकर आया था, उस दुकान के मालिक रमेश चंद्र और उनका परिवार अबतक सहमा हुआ है। दुकान मालिक का कहना है कि वह खौफनाक मंजर उनको कभी भी नहीं भूलेगा। वायरल सीसीटीवी फुटेज में जैसे ही उमेश पाल की गाड़ी दुकान के बगल में रुकती है, वह बदमाश दुकान से निकलकर उमेश पर ताबड़तोड़ फायरिंग करता हुआ दिखाई देता है।उमेश हत्याकांड के चार दिन के बाद मंगलवार को रमेश ने अपनी दुकान खोली। रमेश ने घटना वाले दिन को याद कर कहा कि वह रूह कंपा देने वाली घटना थी, जिसे वह पूरी जिंदगी भूल नहीं पाएंगे। सुलेमसराय स्थित अमित इलेक्ट्रिक वर्क्स नाम की यह दुकान पिछले 30 सालों से खुली हुई है।

**दुकानदार रमेश ने साझा की खौफनाक यादें :** दुकान के मालिक रमेश चंद्र ने घटना को साझा करते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग सवा चार बजे के आसपास एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और उसने सबसे पहले शेव ट्रिमर की डिमांड की। इसके बाद उसने डिजाइनर चाइनीज लाइट की मांग की। जैसे ही वह चाइनीज लाइट उस ग्राहक को दिखाने के लिए पीछे घूमे, उसी दौरान ग्राहक की भेष में आया बदमाश पिस्तौल निकालकर दुकान से बाहर की ओर भागा। वह उमेश के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा, उस बदमाश के साथ कई अन्य लोग भी थे। उन्होंने बताया कि कुछ ही सेकंड में बदमाशों ने इस तरीके से वारदात को अंजाम दिया कि उनकी आंखों के सामने ही अंधेरा छा गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते कि उसी वक्त उन्होंने तेजी के साथ अपनी सुरक्षा की दृष्टि से दुकान का शटर नीचे किया। लेकिन शटर के नीचे सामान रखा हुआ होने के चलते शटर आधा ही बंद हो सका। रमेश बताते हैं कि इस घटना से वह इतना डर गए थे कि उनकी हिम्मत नहीं हुई कि वह चार दिनों तक दुकान खोल सकें।

**सीसीटीवी से हुई थी अरमान की पहचान :** शूटर अरमान की पहचान सीसीटीवी के पड़ताल में हुई थी। घटना वाले दिन वह भी उमेश पाल पर गोलियां बरसा रहा था। इसके बाद बाइक से सिविल लाइंस होते हुए भाग निकला था। इसके बाद पुलिस उसकी खोजबीन में जुट गई थी और उसके घर पर कई बार दबिश दी जा चुकी है।

**13 शूटरों की अब तक हो चुकी है पहचान :** उमेश पाल की हत्या में कुल 13 शूटर शामिल थे। धूमनगंज शूटआउट में पुलिस ने सुलेम सराय, धूमनगंज और जयंतीपुर इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद बाद नौ अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया था। इसके अलावा अतीक के बेटे असद, गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और अरमान की पहचान की गई थी। इसी कारण इन लोगों को नामजद किया गया था। दरअसल शूटरों के साथ अन्य लोग आस पास ही उन्हें बैकअप दे रहे थे। उन्हें मालूम था कि धूमनगंज भीड़भाड़ वाला इलाका है।

# बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दाम के विरुद्ध कांग्रेसजनों ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** घरेलू गैस सिलेंडर एवं कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े हूए दामों को लेकर कांग्रेसजनों ने आज सिविल लाइंस के धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसी बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दाम वापस लो का नारा लगा रहे थे तथा हाथों में तख्तियां लेकर बैठे थे सामने गैस सिलेंडर रखा हुआ था। उक्त अवसर पर बोलते हूए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण बेतहाशा महंगाई बढ़ रही है चाहे वह पेट्रोल-डीजल हो खाद्य तेल हो दाल आटा चावल हो सब्जी हो या अन्य कोई वस्तु हो लगातार महंगी हो रही है जिसकी मार आम जनमानस पर पड़ रही है यहां तक कि जो गरीब व्यक्ति है उसके घर में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है गरीब व्यक्ति भूखे मरने पर मजबूर है लेकिन यह सरकार अपना हठ धर्मी रवैया अपनाए हुई है। और लगातार महंगाई को बढ़ाने का काम कर रही है होली के त्योहार के अवसर पर घरेलू गैस सिलेंडर पर पचास रुपए बढ़ाया जाना और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर साढ़े तीन सौ रुपए बढ़ाया जाना आम आदमी से होली का टैक्स वसूलने जैसा है। श्री अंशुमन ने सरकार से मांग की है कि बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दामों को तत्काल वापस लिया जाए अन्यथा कांग्रेसजनों का महंगाई के विरुद्ध आंदोलन जारी रहेगा। उक्त अवसर पर सर्व श्री सुरेश यादव जिला अध्यक्ष गंगा पार, विवेकानंद पाठक, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, मोहम्मद असलम ,अनूप सिंह, मनोज पासी, आशीष पांडेय, अजेंद्र गौड़, अशफाक अहमद, राकेश श्रीवास्तव, अरशद अली,राम मनोरथ सरोज नयन कुशवाहा,इशरत अली, इरशाद उल्लाह, मानस शुक्ला, विनय पांडे, दिवाकर भारती, निशांत रस्तोगी, निजामुद्दीन, नुरुल कुरैशी, मुन्ना यादव, रमेश यादव, रचना पांडे, इश्तियाक अहमद, मोनिका सक्सेना, शिव शंकर मिश्रा,विवेक पाण्डेय, मोहम्मद अजमल राजू, मोहम्मद नौशाद, श्याम जी शुक्ला अफरोज अहमद,,गुलशन नेता, रमेश सोनकर, फहीम खान, आशा देवी,अभिनव पाण्डेय,आदि ने सम्बोधित किया।




## खून के बदले चाहिए खून माफिया का मकान गिराना काफी नहीं : उमेश पाल की मां

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अपने बेटे उमेश पाल को खोने के बाद मां शांति देवी की आंखों में गम के साथ-साथ प्रतिशोध नजर आ रहा है। उनका कहना है कि गुंडे माफियाओं का मकान गिराने भर से न वह संतुष्ट होंगी और न ही उनके बेटे की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्हें तो खून के बदले खून चाहिए। जिस तरह से उनके बेटे को हत्यारों ने बेरहमी से मारा है, ठीक उसी प्रकार अतीक, अशरफ और हत्या में शामिल उनके बेटों को उसी अंजाम तक पहुंचाना चाहिए।उन्होंने योगी सरकार से हत्यारों को मौत के घाट उतारने की मांग की है। मां शांति पाल ने कहा कि अभी उनके बेटे का शांति हवन नहीं हुआ है। हवन होने के बाद वह मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलने लखनऊ जाएंगी। उन्होंने नेहरू पार्क में हुए एनकाउंटर पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि ऐसे गुंडों माफियाओं का यही अंजाम होना चाहिए। अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ को जड़ से समाप्त कर देना चाहिए। अगर अब इन्हें छोड़ दिया, तो यह फिर से अपनी पार्टी बना लेंगे। वहीं माफियाओं के घर से असलहा और तलवार बरामद होने पर उन्होंने कहा कि यह तो गुंडे माफिया हैं, इन्हें तो समय रहते समाप्त कर देने में ही भलाई है।



### बेटी पिता से मांगती है न्याय

उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को अपने पिता की तरह मानती हैं और एक बेटी अपने पिता से सिर्फ न्याय की मांग कर रही है। उनके पति के हत्यारों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे पति न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे। उनके हत्यारों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

## जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में बाहुबली उमाकांत यादव की दो और जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के बाहुबली सांसद उमाकांत की दो जमानत अर्जियों पर सुनवाई कर राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याची का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। वह एक मामले में अदालत द्वारा दोषी भी ठहराया जा चुका है। लिहाजा, वह जमानत पाने की योग्य नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने उमांकात यादव की दो अलग-अलग जमानत अर्जियों को खारिज करते हुए दिया है।याची पर आरोप है कि वह अपने परिवार के सदस्य के नाम से शराब की दुकान का लाईसेंस लेकर लोगों को नकली शराब की बिक्री करा दी, जिससे पीने से कई लोगों की मौत हो गई। याची के खिलाफ आजमगढ़ के फूलपुर थाने में और अहरौला थाने में आईपीसी और आबकारी अधिनियम के तहत पिछले वर्ष प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में याची सहित छह लोगों को अभियुक्त बनाया गया।याची के खिलाफ 48 प्राथमिकी दर्ज है। आठ मामले हत्या से जुड़े हैं। इसके अलावा गैंगस्टर, गुंडा एक्ट सहित कई अन्य अपराधों में आरोपी है। कोर्ट ने याची को लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए सही नहीं बताया। इसके साथ ही उसकी दोनों जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने हाल ही में एक अन्य मामले में याची की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था।

## प्रयागराज में ड्रॉप्सी से तीन लोगों की मौत, मामले की जांच के आदेश

**प्रयागराज।** ड्रॉप्सी से एक महीने में तीन लोगों की मौत हो गई है। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। महानिदेशक डॉ.लिली सिंह ने प्रयागराज के अपर निदेशक से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। फिलहाज जांच की जा रही है। ड्रॉप्सी से कई लोगों के बीमार होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सरसों की तेल में मिलावट के कारण यह रोग हो रहा है। कई साल पहले ड्रॉप्सी के चलते बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे और कई लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद यह रोग फिर से पांव पसारने लगा है जो बेहद चिंता का विषय है। एक महीने के भीतर तीन लोगों की मौत होने और उनमे ड्रॉप्सी के लक्षण पाए जाने पर मामले को गंभीरता से लिया गया। इस रोग से ग्रसित व्यक्ति के हाथ-पैर तेजी से फूल जाते हैं। शरीर पर स्पॉटिंग और रक्तचाप काफी अनियमित हो जाता है। पाचन तंत्र और आमाशय पर असर डालता है। तेलों में मिलावट से ड्रॉप्सी रोग पनपने की संभावना जताई गई है।

## अधिवक्ता के अनुपस्थित रहने पर जमानत अर्जी खारिज करना अनुच्छेद 21 का उल्लंघन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता के अनुपस्थित रहने की वजह से किसी भी अभियुक्त की जमानत अर्जी को खारिज नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट ने आजमगढ़ के मनीष पाठक की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए की।याची के खिलाफ आजमगढ़ के बरदाह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि उसने एक एनकाउंटर के दौरान उसने पुलिस पर हमला किया था। वह जेल में है। याची के अधिवक्ता सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। ऐसा कई सुनवाई के दौरान पाया गया। पैरवी के लिए कोई आया ही नहीं। कोर्ट के सामने प्रश्न था कि अधिवक्ता के न आने पर जमानत अर्जी खारिज कर दिया जाए या फिर न्यायमित्र नियुक्त कर सुनवाई पूरी की जाए और गुण-दोष के आधार पर फैसला दिया जाए।कोर्ट ने न्यायमित्र की नियुक्ति कर मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने इस संबंध में ह्यलांग वॉक टू फ्रीडमह्व में नेल्सन मंडेला के उद्धृत शब्दों का उल्लेख किया। कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी शाहजहांपुर के विपिन की जमानत अर्जी को भी स्वीकार करते हुए की है। विपिन के खिलाफ शाहजहांपुर के खुदागंज थाने में आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। विपिन मार्च 2021 से जेल में है। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान उसके अधिवक्ता भी पैरवी करने नहीं आ रहे थे। कोर्ट ने न्यायमित्र नियुक्त कर सुनवाई पूरी की और जमानत अर्जी मंजूर की।




## त्रिपुरा और नागालैंड में जीत पर भाजपाइयों का जश्न

**प्रयागराज।** त्रिपुरा एवं नागालैंड के विधानसभा के चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपाइयों में खुशी है। गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर जुटे भाजपाईयों ने पटाखे जलाए और एक दूसरे को मिठाई खिला कर जीत की बधाई दी। वहीं कीडगंज के बीजेपी कार्यालय पर भी जीत का जश्न मनाया गया।भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी एवं किरन जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्य की जनता ने कमल खिला कर देशवासियों को भगवा होली की बधाई पूरे देशवासियों को दे दिया है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि कांग्रेस की दिखावटी एवं बनावटी भारत जोड़ो यात्रा का जवाब नागालैंड एवं त्रिपुरा की जनता ने कमल खिला कर दे दिया।

# फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक का चावल समझ कर फैला रहे गलत अफवाह

मोहम्मद अयाज

**झूंसी।** गरीबो को मिलने वाले सरकारी राशन में मिल रहे चावल में मिलाए गए फोटीर्फाइड चावल को लोग प्लास्टिक चावल समझ रहे है। जनकारी के आभाव में लाभार्थियों के मन में चावल को लेकर डर बन गया है। प्लास्टिक का चावल समझ कर लोग फोटीर्फाइड चावल को निकाल कर फेंक दे रहे हैं।कुछ ऐसा ही मामला बुधवार को बहादुरपुर के चबेय गांव में सामने आया। गांव के भोला तिवारी ने बताया कि कोटे में मिल रहे खाद्यान में मिलावट की जा रही है गरीबों को मिलने वाले चावल में प्लाटिक का चावल मिलाया गया है और महीनों से प्लास्टिक मिला चावल गरीबो में बांटा जा रहा है। मिलावटी चावल को निकालकर लोग बचे चावल का उपयोग कर रहे हैं। मामले में जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह चावल प्लास्टिक का नही बल्कि फोटीर्फाइड चावल है।फैक्ट्री में तैयार होता है फोटीर्फाइड चावलजिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पोषक तत्वों का खजाना है फोटीर्फाइड चावल। उन्होंने बताया कि जुलाई 22 से जिले में एक कुंतल चावल में 1 किलो फोटीर्फाइड चावल मिलाया जा रहा है। यह हाई प्रयोटिन युक्त है चावल को पीस कर उसमें प्रयोटिन, विटामिल मिलाकर मशीन से चावल का सेब दे दिया जाता है फिर उसे आम चावलों में मिला दिया जाता है। इसमें आम चावल की तुलना में आयरन, विटामिन बी-12, फॉलिक एसिड काफी ज्यादा होता है ये देखने में आम चावलों जैसे ही लगता है। सामान्य चावलों की तरह धोकर उबालकर पकाकर खाया जा सकता है कुपोषण दूर करने के लिए सरकार इसे मिड डे मील और राशन आदि में बंटवा रही है।

चावल खेतों में नहीं फैक्ट्री में किया जाता है तैयार, जानकारी के अभाव में लोग फोटीर्फाइड चावल से बना रहे दूरी



## ज्ञान की दृष्टि से स्वतंत्र व सम्प्रभु होना वास्तविक स्वतंत्रता : प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी




**हनुमानगंज।** कोई भी देश वास्तव में स्वतंत्रत एवं सम्प्रभु तभी हो सकता है जब वह शिक्षा और ज्ञान कि दृश्टि से स्वतंत्र और सम्प्रभु हो। नई शिक्षा नीति इसमें अत्यंत उपयोगी है। नियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो० गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने गुरुवार को कोटवा जमुनीपुर स्थित नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव उड़ान- 2023 में यह बाते कही। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो छात्रों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जीसी त्रिपाठी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपने शरीर को प्रयोगशाला बनाया। समाज में जो विसंगतियॉ हमें आज नजर आ रही हैं उसके मूल में शिक्षा है, आज युवाओं का संस्कारवान होना वास्तविक शिक्षा के लिए जरूरी। प्रकृति को हम अपना परिवार मानते रहे हैं। अच्छे विचार कहीं से आए उनका स्वागत किया जाना चाहिए। कुलाधिपति जेएन मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें यह विश्वास है कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करेगा। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवा महोत्सव "उड़ान" के इस कार्यक्रम में आकर हम अत्यंत आह्लादित हैं। कार्यक्रम का प्रारम्भ मॉ सरस्वती की वंदना व अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र के पश्चात प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अंताक्षरी, होली गीत, गजल, देशभक्ति गीत, आदि प्रतियोगिताओं में खुले मंच से छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक परफारमेंस दी। कव्वाली, फैंसी, ड्रेस, लघु नाटक, संस्कृत मंत्र उच्चारण, प्रतियोगिताएं हुईं। दिनभर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सचिव मनीष मिश्रा, प्रतिकुलपति डॉ. एससी तिवारी, पुरुषोत्तम राधिका शर्मा, डॉ. सब्यसाची ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया।

## गंगा दूतों को प्रशिक्षण देकर बताया गंगा की स्वच्छता का महत्व

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज क्रियांवित नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन राम कली महाविद्यालय सिरसा,प्रयागराज में किया गया ' प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो बैच मे आयोजित किया गया ' जिसमें विभिन्न युवाओ ने प्रतिभाग किया ' कार्यक्रम में प्रथम दिवस महाविद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार सिंह , डॉ सच्चिदानंद त्रिपाठी असिस्टेंट प्रोफेसर गणित एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना,प्रयागराज ; जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , सहायक अध्यापक राजेंद्र प्रसाद पल, ज्ञान चंद्र यादव, शिक्षिका साधना, लिपिक सत्य प्रकाश यादव उपस्थित रहे ' मुख्य अतिथि प्राचार्य लाल लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा, प्रयागराज डॉ महेंद्र कुमार जायसवाल ने सभी गंगा दूतों को परियोजना से जुड़ने हेतु बधाई दी और कहा सभी युवाओ को इस मुहिम के लिए आगे आना होगा ' डॉ सच्चिदानंद ने नदियों की स्वच्छता हमारा नैतिक दायित्व है और इसे प्रदूषण से बचना होगा ' जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता तथा गंगा का महत्व, प्रदूषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी ' प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के देवेंद्र , ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया ' ट्रेनर नितिन कुशवाह ने सोशल मीडिया और पर्सोनालिटी पर चर्चा की। राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाह ने नेहरू युवा केंद्र का कार्य, युवा मंडल गठन और सक्रिय करने का तरीके पर चर्चा करी ' गंगा दूतों ने 'गंगा स्वच्छता हेतु हमारा योगदान' पर सामूहिक गतिविधि में प्रतिभाग किया एवं प्रस्तुति दी ' दूसरे दिवस तालाब बचाओ अभियान के संयोजक एवं शोध छात्र रामबाबू तिवारी ने जल के प्राकृतिक स्रोत तालाबों व कुओं के संरक्षण-संवर्धन पर चर्चा करी' ट्रेनर शिल्पी वर्मा ने युवाओ की व्यक्तित्व विकास और निखरने हेतु व्याख्यान दिया इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा,प्रयागराज डॉ महेंद्र कुमार जायसवाल ने सभी गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोहित, कुलदीप, सौरभ, रितिका, रोशनी,अनुपम सेठ, नेहा सिंह, प्रज्जावल पाठक का अहम योगदान रहा।

# मऊआइमा में तालाब पाटने के विवाद में पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा ग्राम सभा के.मौदोस्तपुर स्थित मिठवा तालाब को पाट कर कब्जा करने और मकान बनाने का विवाद में एक नया मोड उस समय आ गया जब गुरुवार को राजस्व टीम पैमाइश करने पहुंच गयी। मऊआइमा विकास खण्ड के ग्राम सभा मऊआइमा के ग्राम मऊदोस्तुर में एक ऐतिहासिक मिठवा तालाब है। जिसमें हमेशा से पानी भरा रहता है तथा कस्बे का अधिकांश घरेलू एंव वर्षा का पानी इसी तालाब में जाता है। बताते हैं कि चकबंदी के दौरान कतिपय माफियाओं ने मसियांव की भूमि को उडान चक तालाब में बैठा दिया।बताते चलें कुछ दिनों पहले इसी भूमि से सटे तालाब पर मिट्टी डालकर कब्जा करने का मामला सामने आया था, ग्राम प्रधान राम तीरथ यादव और ग्रामीणों ने तालाब की जमीन को पैमाइश करने की मांग की थी, विवाद की सूचना पर तालाब का निरीक्षण करने एसडीएम सोरांव डॉ0 कंचन पहुंची थी, एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया और तालाब की पैमाइश की बात कही थी।, फिर कुछ दिनों बाद राजस्व की टीम तालाब से सटे भूमि के सीमांकन के लिए पहुंची तो स्थानीय लोगों के लिए चर्चा का विषय बना गया है। लोगों का आरोप है कि रात दिन जीसीबी से दर्जनों ट्रेक्टर लगा कर रात्रि के समय मिट्टी का अवैध खनन कर तालाब का अस्तित्व मिटाने में लगे हैं। यही नहीं नगर पंचायत के निवासियों का कहना है कि अब घरेलू पानी के अलावा वर्षों का पानी तालाब पाटने से पूरे नगर पंचायत में बाढ आ जाएगी।

ग्राम सभा मऊआइमा के मऊदोस्तुर स्थित एतिहासिक मिठवा तालाब को पाट कर कब्जा करने का मामला



## आरएएफ का सिपाही साली को लेकर फरार, पत्नी ने फाफामऊ थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**प्रयागराज।** पत्नी बच्चों के रहते हुए भी आरएएफ का एक सिपाही साली को लेकर फरार हो गया। सिपाही की पत्नी ने पति के खिलाफ फाफामऊ थाने में केस दर्ज कराया है। आरएफ में सिपाही के पद पर तैनात अरुण सिंह शांतिपुरम में रहता है। वह कुछ दिन पहले पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल मध्यप्रदेश गया था।घर लौटते समय उसकी साली भी उसके साथ आई थी। पत्नी का आरोप है कि कुछ दिन से साली से उसकी नजदीकियां बढ़ गई थीं। सोमवार की रात वह साली के साथ घर से फरार हो गया। सिपाही की पत्नी कविता सिंह ने बुधवार को अपने पति के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धारदार हथियार से महिला की हत्या, सनसनी

## इंटर इतिहास में परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरा व्यक्ति पकड़ा गया

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेष के आज प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा 95 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई जिसमें 1246 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 1107 उपस्थित रहे। 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम बेला में इंटर व्यवसायिक वर्ग में 704 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय बेला में इंटर इतिहास की परीक्षाएं 25 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई जिसमें 9256 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 8023 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1233 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय बेला में इतिहास के प्रष्न पत्र में गया प्रसाद श्रीवास्तव रानीपुर पट्टी, प्रतापगढ़ में शुभम चौरसिया पुत्र दीप कुमार चौरसिया अनुक्रमांक 2236318211 के स्थान पर एक दूसरे बालक द्वारा परीक्षा देते हुए आंतरिक दल द्वारा पकड़ा गया।

## घर में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दुकान से घर जाने के बाद एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। कुछ देर बाद उसका पति खोजते हुए वहां पहुंचा तो पत्नी का रक्तरंजित शव देखकर चिल्लाने लगा। आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दिए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला के पति ने एक व्यक्ति पर हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दिया पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत भाटपट्टी गांव का रहने वाला महेंद्र वर्मा पुत्र रामराज वर्मा घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित जनरल स्टोर की दुकान खोल रखा है। दुकान पर हाथ बटाने के लिए उसकी पत्नी जानकी देवी (40) भी सुबह शाम आ जाती थी। बुधवार की शाम लगभग सात बजे दुकान से सब्जी लेकर जानकी घर चली गई रात में लगभग साढे. आठ बजे उसका पति महेंद्र दुकान बंद करके घर पहुंचा तो जानकी घर पर नहीं मिली वह परेशान हो गया और टॉर्च लेकर उसे ढूंढने लगा। घर से 100 मीटर दूर जाहिद खान पुत्र लाल मोहम्मद के घर के पीछे पहुंचने पर उसने देखा कि उसकी पत्नी जानकी का शव रक्तरंजित दशा में पड़ा हुआ था, जिसको देखकर वह चीखने चिल्लाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो देखा की धारदार हथियार से जानकी की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद परिजन रोने भी लिखने लगे। हत्या की सूचना पर जहां क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग वहां पहुंचे वही सूचना मिलने पर आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप सिंह तथा प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिम अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए फॉरेंसिक टीम भी स्थल पर पहुंच गई। मृतक जानकी देवी की मौत के बाद 16 साल का बेटा अंकित तथा 13 साल की बेटी वर्तिका का रो रो कर बुरा हाल है। दोनों के सिर से माता का साया उठ गया वहीं घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई तो घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।



जानकी देवी (फाइल फोटो)।

## हत्या की आशंका पर पति ने दिया नामजद तहरीर, मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मृतक जानकी देवी के पति महेंद्र ने आसपुर देवसरा पुलिस को तहरीर देते हुए अवनीश उर्फ पप्पू मौर्य पुत्र शीतला प्रसाद मौर्य निवासी ग्राम गौसपुर थाना आसपुर देवसरा के विरुद्ध हत्या की आशंका जताते हुए उसके विरुद्ध तहरीर दिया। पुलिस ने दंड विधान दफा 302 के तहत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पति महेंद्र ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले आरोपी युवक ने धमकी देते हुए कहा था कि वह उसकी दुकान नहीं चलने देगा।

# तीन माह से निरस्त ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन पटरी पर दौड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आखिरकार तीन माह से निरस्त चल रही ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को गुरूवार की सुबह चण्डीगढ़ से प्रयागराज संगम के लिए रेल विभाग ने पटरी पर दौड़ा दिया। ट्रेन के पटरी पर दौड़ जाने से यात्रियों को काफी हद तक राहत मिल गई सबसे ज्यादा दिल्ली चंडीगढ़ आने जाने वाले यात्रियों को राहत मिल गई है। मालूम हो कि ऊँचाहार चंड़ीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन 14217 अप व 14218 डाउन को रेल विभाग से 1 दिसम्बर 2022 से 3 माह के लिए शीत लहर को देखते हुए 28 फरवरी 23 तक के लिए निरस्त कर दिया था। व्यापारीगण पिन्टू शुक्ला, रामयश शुक्ला सन्नो शुक्ला, मिश्रीलाल विश्कर्मा, पप्पू गुप्ता केसरी गुप्ता, गनेश अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, कामता प्रसाद तिवारी आदि ने अधिकारियों के प्रति आभार जताया है।

# युवा उत्सव के लिए प्रदेश में प्रतापगढ़ का चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 4 मार्च को युवा उत्सव का आयोजन हो रहा है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसी क्रम में सांसद संगम लाल गुप्ता प्रतापगढ़ में अफीम कोठी में युवा उत्सव का शुभारंभ 4 मार्च को पूर्वाहन नौ बजे करेंगे।

यह जानकारी नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने आयोजन समिति की बैठक में दी। उपनिदेशक श्री सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ प्रदेश का पहला जिला है जो 4 मार्च को युवा उत्सव के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हमारी विरासत हमारा अभियान विषय पर होगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। उपनिदेशक श्री सिंह ने बताया कि युवा काव्य लेखन, युवा कलाकार/ पोस्टर प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी में व भाषण प्रतियोगिता में 3-3 सदस्य निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 11 सदस्य, चार आयोजन समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों का बाल विकास विभाग, पंचायती राज, एन0आर0एल0एम0, उद्यान जन शिक्षण पर्यावरण आदि विभागों की प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएंगे। बैठक में आयोजन समिति के रोशनलाल उमरवैश्य, पीयूष कांत शर्मा, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, नेहरू युवा केंद्र के विनय कुमार मिश्र, युवा कल्याण अधिकारी केके सिंह, परियोजना अधिकारी शिवम यादव, विश्वजीत सिंह, श्याम नारायण पटेल आदि उपस्थित रहे।

## युवा उत्सव का केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली में करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

# गैस सिलेण्डर के दामों में बढ़ोत्तरी पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## अम्बेडकर चौराहे पर सिलेण्डर पर माला पहनाकर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर में 50 रुपए एवम कामर्शियल गैस सिलेण्डर में 350 रुपए की भारी बढ़ोत्तरी के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अम्बेडकर चैराहे पर गैस सिलेंडर पर माला पहना कर अगरबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव/प्रभारी प्रतापगढ़ रणजीत सिंह सलूजा एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि 2014 के पूर्व भाजपा सरकार बड़े बड़े पोस्टर लगाकर नारा देती थी, बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार भाजपा सरकार। मगर ठीक उसके विपरीत महंगाई बढ़ती जा रही है आज मध्यमवर्गीय परिवार महंगाई से परेशान है जो गैस सिलेंडर 2014 में 410 रुपए में मिलती थी, आज 1150 रुपए से अधिक में मिल रहा है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार महंगाई पर लगाम लगाते हुए रसोई गैस सिलेंडर 500 में आम जनता को दे रही है। दूसरे सरकारों को राजस्थान सरकार का अनुसरण करते हुए आम आदमी को राहत देने का काम करना चाहिए। नगर अध्यक्ष इरफान अली एवं कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि आज महंगाई चरम पर है। गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी के साथ-साथ बिजली के बिल में 23 परसेंट की बढ़ोतरी मोदी सरकार की विफलता को दशार्ता है आज जनता महंगाई से जूझ रही है। कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी वेदांत तिवारी ने मोदी सरकार से मांग किया कि यदि गैस सिलेंडर के दाम एवं बिजली के बिल कम नहीं किए गए तो प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवम कार्यकत्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव जितेन्द्र पटेल, नगर अध्यक्ष इरफान अली, रोहित शुक्ला, रामरतन तिवारी, विजय शंकर त्रिपाठी, प्रेम शंकर द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, राम शिरोमणि वर्मा, श्रीराम वर्मा, मोहसिन सलीम, रामकुमार यादव, जय शंकर अग्रहरी, उत्सव भूषण पाल, देवमणि पाण्डेय, मो.हुजैफ, अभय तिवारी, अब्दुल रहमान, सूर्य प्रकाश शुक्ला, संतोष शर्मा अनवर हुसैन, सूबेदार यादव, फतेह बहादुर सिंह, नगर प्रभारी इश्तियाक अहमद, राजेन्द्र वर्मा, आफाक अहमद, अशोक सिंह, जावेद, बेलाल, सलमान खान, इरशाद अली, मो. शकील सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।



अम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते कांग्रेसीगण।

# लालगंज सीएचसी में बदहाल हुई स्वास्थ्य सेवा

## मरीज हो रहे है परेशान, अधीक्षक भी नही सुनते समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकार के लाख प्रयास के बाद भी स्वास्थ्य सेवा में कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। डॉक्टरों की मनमानी के चलते स्थानीय सीएचसी में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हो गई है। हलाकन मरीज आखिर मामले की शिकायत ही किससे करें? अधीक्षक साहब तो सुनते ही नही है।

स्थानीय सीएचसी पर डॉक्टरों की लापरवाही इस कदर है की दूर-दराज से आए मरीजों से दोपहर तक उनसे मुलाकात ही नही हो पाती है। इस दशा में आए दिन मरीजों को हलाकान होना पड़ रहा है। मरीज जब डॉक्टर के विषय में पूछते है तो कोई ट्रामा सेंटर जाने को कहता है और वहां पहुंचने पर सीएचसी के लिए जाने को बोलते है।स्वास्थ्य कर्मियों की इस मनमानी की वजह से मरीज परेशान हो रहे है, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इधर देखने को राजी नहीं है। सीएचसी अधीक्षक से जब लोगो ने शिकायत की तो उन्होंने बताया की अभी इंतजार करो आ रहे होंगे डॉक्टर साहब, घंटो बीत जाने के बाद जब पुनः बात की तो बताया की उनकी ड्यूटी 2 बजे से है। अब इस हाल में लोग कहां अपनी फरियाद करे। इस संबंध में अधीक्षक ने एक बार बताया की आ रहे होंगे, थोड़ी देर बाद फिर पूंछा तो बताया की उनकी ड्यूटी 2 बजे से है।अब इस समय किसकी ड्यूटी है इस पर कोई जवाब नही दे सके।



लालगंज सीएचसी में चिकित्सक के इंतजार में बैठे मरीज।

## वीआईपी लोगो तक ही सीमित सीएचसी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी अब महज वीआईपी लोगो तक ही सीमित दिखाई दे रही है। गरीब लोगो को इलाज के लिए भटकना ही पड़ रहा है। वह चाहे जहां भी शिकायत कर ले उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। वीआईपी लोगो को ही खुश करके बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की वकालत की जा रही है।

## खेलने गया किशोर गायब, परिजन परेशान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तीन दिन पहले पड़ोसी गांव में खेलने के लिए गया किशोर अचानक गायब हो गया। संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के बाद जब किशोर का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सराय महेश गांव का रहने वाले हरिश्चंद्र सरोज का बेटा चंदन उम्र 13 वर्ष तीन दिन पहले पड़ोसी गांव में खेलने के लिए गया था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी से खोजबीन करने लगे लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो गुरुवार को किशोर के पिता हरिश्चंद्र सरोज ने पुलिस को उसके गुमशुदगी की तहरीर दी है।

# सीआरएस ने ट्रॉली से अंतू से प्रतापगढ़ दोहरे ट्रैक का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेल संरक्षा आयोग (सीआरएस) अब्दुल लतीफ खान (एनईआर) गुरुवार को अंतू से प्रतापगढ़ के बीच ट्रैक दोहरीकरण का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने दोहरे ट्रैक बनाने का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने ट्राली से अंतू, जगेसरगंज, चिलबिला व प्रतापगढ़ रेलवे स्टेषन का निरीक्षण किया। उसके बाद इस दोहरे ट्रैक पर ट्रेन चलाने पर अपनी अंतिम राय देंगे। वैसे यह अनुमान है कि शुक्रवार को दोहरे ट्रैक पर प्रतापगढ़ से लखनऊ टेज्नें दौडेंगी। दोहरा ट्रैक बन जाने से टेज्नों की स्पीड भी बढ़ाई गई है और अब क्रासिंग में टेज्नों को रुकना नहीं पडेगा। इससे प्रतापगढ़ से लखनऊ का समय भी कम लगेगा। उनके साथ सम्बन्धित स्टेशनों के अधीक्षक तथा टेक्निकल स्टाफ भी मौजूद रहे।



चिलबिला में दोहरे ट्रैक का निरीक्षण करते सीआरएस।

# प्रदेश अध्यक्ष कंछल पहुंचे जिलाध्यक्ष के घर, जताया शोक



केदारनाथ गुप्ता के चित्र पर मार्ल्यापण करते कंछल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के रा./प्रा. अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल गुरुवार को जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के बड़े भाई स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता के निधन पर उनके परिवार से मिलने गये। श्री कंछल सर्वप्रथम डाक बंगले पर आए वहां से जिलाध्यक्ष के साथ उनके बड़े भाई स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता के आवास पर जाकर उनके परिवार से मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। उसके बाद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी के चैक स्थित प्रतिष्ठान पर व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ शोकाकुल बैठक में अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्वयं प्रतापगढ़ आने पर कई बार स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता से व्यक्तिगत रूप से मिले हैं, उनसे बातचीत किए हैं, उनके सरल स्वभाव और सर्वोच्च विचारों से पूर्व परिचित हैं। उपरोक्त बैठक में प्रमुख रूप से राम शंकर जयसवाल, लखन बाबा, संजय सोनी, उबैद उल्ला जाफरी, नारायण खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, पंकज केसरवानी, अख़्तर राइन, आशीष सिंह, कुलविंदर सिंह, शिवम केसरवानी, विष्णु सिंह, प्रवीन केसरवानी, शकील अख्तर, अली हुसैन, शिव कुमार सोनी, अरविंद जैन, विनय सिंह, अमित केसरवानी, मीडिया प्रभारी वीरू शुक्ला आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## शहीद उद्यान में सामूहिक विवाह 13 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा 13 मार्च 2023 को नगर पालिका के शहीद उद्यान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। इस सम्बन्ध में सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले लोग नगर पालिका परिषद बेलहा में 9453903835 से सम्पर्क कर सकते हैं और सामूहिक विवाह की पूरी जानकारी पा सकते हैं।

## पुलिस को पीड़ित ने दी तहरीर

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोथरिया कडरौ निवासी श्यामलाल पुत्र रामगुलाम ने नवाबगज पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का एक युवक मेरे घर पर आया और कहा कि कोटेदार की बुराई करो कि मुझे कम राषन देता है। यदि ऐसा नही करोगे तो हम तुमको जान से मार देंगे। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि वादी व आरोपी को थाने बुलाकर मामले की पूरी जानकारी करने पर दोनों पक्ष आपस मे बैठकर समझौता की बात चीत कर रहे हैं।

# निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन चार को

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और आईएमए की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कैंप में ओस्टियोपोरोसिस कमजोर हड्डियां, फैटी लीवर जाँच, बीएमडी जाँच, फाइब्रोस्कैन जाँच, कैल्शियम, विटामिन, मिनरल, यूरिक एसिड, बीपी शुगर जांच होगी। कैंप में ऑर्थोपेडिक सर्जन,वरिष्ठ फिजीशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपी सलाह के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं आईएमए के संयुक्त तत्वावधान में 4 मार्च दिन शनिवार को सुबह बजे से दोपहर दो बजे तक आई एम ए कैंपस विकास भवन के पास एक भव्य निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजित कैंप में गाजियाबाद से अत्याधुनिक मशीनों को मंगाया गया है जिससे जनपद के लोगों को सुविधा अनुसार उनकी जांच कराई जा सके। हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी मशीन एवं लिवर की जांच के लिए फाइब्रोस्कैन मशीन मंगाई गई है। उन्होंने मशीनों के बारे में बताते हुए कहा कि यह अल्ट्रासाउंड और एक्स रे पद्दति पर काम करता है और इसकी रेंज हड्डियों तक जाकर वापस मशीनों में आ जाती है और उसका घनत्व के बारे में बताती है जिससे पता चलता है कि हड्डी की और मांसपेसियों की क्षमता कितना है और बीमारियों का पता लगाया जाता है। कैम्प में कैल्शियम, मिनरल, विटामिन डी, यूरिक एसिड कि जाँच और जरुरत मंदो को दवा वितरण का भी कार्य होगा। इसकी जानकारी जिला महामंत्री कायस्थ महासभा डॉ क्षितिज कुमार श्रीवास्तव ने दी।



बैठक में मौजूद आईएमए व कायस्थ महासभा के पदाधिकारी।

# अधिवक्ता के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज होने पर भडके वकील, किया विरोध प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता के विरूद्ध हत्या के अभियोग के पंजीकृत होने की जानकारी होने पर गुरूवार को यहां वकील आक्रोशित हो उठे। नाराज वकीलो ने तहसील कैम्पस मे पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना देकर विरोध जताया। वही तहसील कैम्पस से पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते वकीलों का हुजूम सीओ कार्यालय तक भारी विरोध प्रदर्शन जताते देखा गया। वकीलो ने एसडीएम को ज्ञापन देकर निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी है।

लालगंज तहसील में वकालत करने वाले लीलापुर थाना के डांडी निवासी अधिवक्ता संतोष पाण्डेय संघ के पूर्व अध्यक्ष हैं। डांडी मे सत्ताईस फरवरी की रात उनके ईट भटठे मे काम कर रहे एक मजदूर की दम घुटने से मौत हो गयी। घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने अधिवक्ता संतोष पाण्डेय तथा उनके रिटायर्ड शिक्षक पिता के खिलाफ पहली मार्च को हत्या का अभियोग पंजीकृत किया। जानकारी होने पर यहां वकील साथी अधिवक्ता के समर्थन मे सडक पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। साथी अधिवक्ताओं मे लीलापुर पुलिस को लेकर इस बात का भी गुस्सा दिखा कि पुलिस ने अधिवक्ता संतोष पाण्डेय के सगरा सुंदरपुर आवास पर पहुंचकर ताण्डव करते हुए उनकी बाइक जबरिया उठा ले गयी। आरोप है कि भारी संख्या में पहुंची लीलापुर पुलिस वकील के घर में शटर का ताला तोडकर बाइक उठा ले गये। वकीलों ने एसडीएम से पुलिस की ज्यादती की भी जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। ज्ञापन देने के बाद नाराज अधिवक्ता तहसील गेट से कोतवाली गेट होते हुए सीओ कार्यालय तक नारेबाजी करते आ धमके। यहां सीओ रामसूरत सोनकर मौजूद नही मिले। इस पर वकीलो ने सीओ कार्यालय के सामने नेशनल हाइवे पर घंटो विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों के विरोध प्रदर्शन के चलते नेशनल हाइवे पर यातायात व्यवस्था भी कुछ देर के लिए अस्तव्यस्त हो उठी दिखी। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रतापगढ़ पुलिस वकीलो के उत्पीडन से बाज नही आ रही है। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि पुलिस ने जान बूझकर स्वाभाविक मौत को हत्या की धारा में केस दर्ज किया।

# हत्या कर पेड़ से बांध दी अधेड़ की लाश

## आधी रात को मृतक के साथ दारू पीते देखे गए कई लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोरो रोड में सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास एक महुआ के पेड़ से अधेड़ की लाश को बांधकर छोड़ दिया गया था लाश के दोनों पैर घुटने से मोड़कर जमीन पर टिके थे आधी रात को अधेड़ के साथ कुछ लोगों ने शराब पी है उसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है गुरुवार की सुबह खेतों की ओर जा रहे लोगों ने पेड़ से बंधी लाश देखी तो मामले की सूचना पुलिस को दी है सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशंका जताई जाती है कि अधेड़ की हत्या करने के बाद लाश पेड़ से बांधकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोरों गांव निवासी सुरेश रैदास उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र महिपाल बुधवार की रात्रि सिंचाई विभाग के ऑफिस के सामने स्थित दसरी बाबा तालाब के



हत्या के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

पास कुछ लोगों के साथ देखा गया था लेकिन रात में वह घर नहीं पहुंच सका सुबह जब लोग खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि दसरी बाबा तालाब के पास महुआ के पेड़ से सुरेश की लाश बंधी है लाश के दोनों पैर घुटने के पास से मुड़कर जमीन पर टिके हुए थे आशंका जताई जाती है कि सुरेश की हत्या करने के बाद लाश को पेड़ से बांध दी गई है लाश देखने के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस और मृतक के परिजनों को दी घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मृतक के दो लड़के और 3 लड़कियां हैं रो-रोकर हाल बेहाल है सवाल उठता है कि आधी रात को मृतक सुरेश के साथ शराब पीने वाले कौन थे और सुरेश की मौत कैसे हुई है शराब पीने वाले लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर उनसे कड़ाई से पूछताछ करे तो सुरेश की मौत का रहस्य उजागर हो सकता है।

# बाइक की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के भैला मखदूमपुर गांव की महिला एक मार्च के दिन पद यात्रा करते हुए घर जा रही थी। रास्ते में महिला को बाइक सवार युवक पीछे से टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। बाइक की टक्कर से महिला को गंभीर चोटें आई जिसके कारण घायल महिला जमीन पर गिर गई और दर्द से कराहने लगी। आस - पास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा। महिला की हालत गंभीर होने के कारण परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल से निकाल कर एक निजी हॉस्पिटल में इलाज हेतु एडमिट कराया जहां पर उक्त घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार करारी थाना क्षेत्र के भैला मखदूमपुर गांव निवासिनी अनिता देवी पत्नी राजकुमार एक मार्च को

### खेत से आलू लेकर जा रही महिला को 2 दिन पहले बाइक सवार ने मारी थी टक्कर



सुबह 11 बजे खेत की तरफ गई थी और खेत से आलू लेकर अपने घर की तरफ जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार युवक महिला को पीछे से टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। बाइक सवार युवक भैला मखदुमपुर गांव निवासी किसी व्यक्ति का दामाद बताया जा रहा है। महिला की मौत होने के बाद सूचना पाकर पहुंची पुलिस लिखा - पढ़ी कर लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।



निष्पक्ष जांच कराते तहसीलदार

# सिराथू तहसीलदार संतोष कुमार ने कराई निष्पक्ष नाप

अखंड भारत संदेश

### पुनः नाप से ग्रामीण हुए सन्तुष्ट सभी की अपत्ति को बारी बारी से कराया निस्तारण

**कोखराज कौशाम्बी।** तहसीलदार सिराथू ने पुनः नाप करा कर लोगों के मुआवजे की आपत्ति दर्ज का निस्तारण कराया गया मलाक भायल ग्राम व नोडिया करेंटी के ग्रामीण निर्धारित नाप से असंतुष्ट थे जिसका ग्रामीणों ने एस ए एलो (ल्ल ँ ॅ) ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज कराया था जिसकी नाप कराने के लिए तहसीलदार सन्तोष कुमार व नायब तहसीलदार अपनी राजस्व टीम के साथ मलाक भायल ग्राम सभा में पहुंचे और निष्पक्ष नाप कराने के बाद सभी आपत्ति कताओं ने जाँच कर नाप कराने से सन्तुष्ट रहे सभी लोगों ने अपनी सही नाप होने से तहसीलदार की प्रसन्नता जाहिर की व हस्ताक्षर कर सहमति दर्ज करायी मौके पर नायब तहसीलदार,कानून गो,दिलीप दुबे,लेखपाल रियाज अहमद,रितेंद्र सिंह,मान सिंह,दिलीप कुमार,पूनम मौर्य आदि तमाम ग्रामीणों की मौजूदगी रहे।

# पर्व पर शान्ति व कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही का डीएम ने दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में होली व शबे बरात त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से होली एवं शबे बरात त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक, पाबन्द की कार्यवाही व होलिका दहन स्थलो का भ्रमण आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्हांने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओ/सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि होली एवं शबे बरात त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जनपद में कुल 992 स्थलां पर होलिका दहन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियां से कहा कि होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि सम्वेदनशील स्थलां पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक/पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था

### डीएम एवं एसपी ने पर्व को लेकर संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी का दिया निर्देश



बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने थाना प्रभारियों एवं ईओ से कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कोई भी डीजे संचालक निर्धारित मानक से अधिक तेज ध्वनि में डीजे का संचालन न करने पाये। जिलाधिकारी ने सभी ईओ को विशेष अभियान चलाकर नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि नालियो ओवरफ्लो न होने पायें। उन्होंने डीपीआरओं को विशेष अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रो में साफ-सफाई कराने तथा सभी ईओ को पेयजल आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को ऊँचा कराने एवं जेई की थानावार/पावर हाउसवार ड्यूटी लगाकर सूची अपर पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें एवं अपने परिवार व आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि वे शराब न पियें तथा शराब पीकर वाहन न चलायें। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि होली के दिन (शराब बन्दी अवधि में) शराब न बिकने पाये। इसके साथ ही उन्हांने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां को भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियां को एक बार पुनः पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।



# रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन द्वारा आयोजित 40 विजेता बेटियों को मिली स्कूटी....

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान के तहत भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में रिद्धि सिद्धि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता की पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर प्रयागराज की मशहूर कलाकार तृप्ति शाक्य के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ पूरा वातावरण भक्तिमय गीतों से सारोबोर हो गया मानो ऐसा लग रहा था जैसे स्वयं गणेश जी प्रांगण में अवतरित हो गए हो बहुत ही सुंदर आकर्षित और उमंग से भरपूर वातावरण का माहौल तृप्ति शाक्या के संगीत के माध्यम से हो गया था और अंत में होली खेले रघुवीरा होली स्पेशल कार्यक्रम के माध्यम से वहां उपस्थित दर्शक दीर्घा भी होली के रंग में रंग गया सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र आज रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में 40 बेटियों ने प्रतियोगिता को उत्तीर्ण किया था उन सभी बेटियों को उपहार स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई थी। चायल से साक्षी शाक्य, काजल ,संयोगिता साहू, अंकिता पाल ,आरती प्रजापति, नीतू मिश्रा ,तनु गुप्ता ,अन्नू केसरवानी ,प्रीति सरोज एवं महिमा यादव, मूरतगंज से दिव्या मौर्य ,इकरानाज ,नीलम देवी साक्षी साहू, कार्तिका केसरवानी, साक्षी त्रिपाठी ,बबीता ,स्वाति केसरवानी एवं वंदना

### पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान के अंतर्गत किसी भी बेटी को शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा





विजेता बेटियो को स्कूटी देते संजय गुप्ता

दिवाकर नेवादा से खुशबू ,आदिति सिंह चांदनी केसरवानी ,शिखा सिंह, रूबी कुशवाहा, सौम्या केसरवानी, करिश्मा सरोज, दिव्या दुबे, प्रियंका गुप्ता एवं श्वेता जयसवाल सिराथू से अनन्या देवी मंझनपुर से तंजीम फातिमा भरवारी से खुशबू ,सपना कुशवाहा ,रूबी सोनकर ,साक्षी वर्मा ,संस्कृति त्रिपाठी ,अर्पिता केसरवानी ,गीता देवी ,सीमा केसरवानी ,शालिनी यादव उनजीली ताहिर अस्मिता सोनकर एवं अंतरा वर्मा आदि को स्कूटी प्रदान की गई। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने विजेता बेटियों को शुभकामनाएं दी और अपने संदेश में कहा कि मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान के अंतर्गत किसी भी बेटी को शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा किसी भी बेटी को अगर किसी भी प्रकार की समस्या है, मैं उसके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा एक पिता बनकर ,हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है शिक्षा से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी परिवार समाज देश के विकास की रीड की हड्डी होती है। कार्यक्रम का संचालन एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा ने किया कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने भी सभी विजेता बेटियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया कार्यक्रम के दौरान रिद्धि सिद्धि का जन्मोत्सव केक काटकर के मनाया गया इस अवसर पर कौशांबी सांसद विनोद सोनकर , पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, लाल बहादुर चौधरी,डीएम कौशांबी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष भाजपा अनीता त्रिपाठी, रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता,केपीएस फाउंडर देव बाबू गुप्ता,केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा, केपीएस भीटी प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी ,किड्जी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग कर जनपद वासी स्वास्थ्य लाभ उठायें : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन में जन-सामान्य को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिदिन योगाभ्यास एवं आयुष चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए गठित समिति के साथ बैठक की गई बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अनीता सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जन-सामान्य को स्वस्थ्य रखने एवं उनके स्वास्थ्य को उत्तम रखने के उद्देश्य से जनपद में नगर विकास विभाग के सहयोग से योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास कराया जाना हैं। उन्होने बताया कि 03 मार्च 2023 से प्रतिदिन प्रातः 07 बजे कलेक्ट्रेट, मंझनपुर स्थित पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा। उन्होंने योगाभ्यास कार्यक्रम में जनपदवासियो से अधिक अधिक से संख्या में प्रतिभाग करने का आग्रह

### सीडीओ ने जन-सामान्य को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने हेतु आयुष चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए गठित समिति के साथ की बैठक



बैठक में उपस्थित अधिकारी गण

किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को चिन्हित योगाभ्यास स्थल/पार्क में बैनर एवं पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेंगा। अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने अधिशासी अधिकारी, मंझनपुर को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के साथ समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

## हत्या के आभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी अंतर्गत 14 जनवरी 2004 को वादी राजाराम केवट पुत्र महावीर निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्तों द्वारा बादी के लड़के की धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध में थाना कौशाम्बी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके अभियुक्त हरिमोहन केवट पुत्र दुज्जे निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी को 01 मार्च 2023 को न्यायालय एडीजे -06 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 25,000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत 28 अप्रैल 2013 को थाना कोखराज क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसके अभियुक्त पवन कुमार पाण्डेय पुत्र केशव प्रसाद पाण्डेय नि0 परसरा थाना कोखराज को न्यायालय स्पे0 जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10 वर्ष कठोर कारावास तथा 24,000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# सीडीओ ने की कौशाम्बी महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन में आगामी कौशाम्बी महोत्सव को भव्य तरीके से आयोजित किये जाने के लिए अब तक की गई तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा के दौरान कहा कि कौशाम्बी महोत्सव की स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाना है स्मारिका में कौशाम्बी की धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व के उल्लेख के साथ ही कौशाम्बी जनपद के बनने (04 अप्रैल 1997 से अब तक) से अब तक विकास यात्रा यथा-कौशाम्बी में खेल की गतिविधियॉ, नगरीय विकास, कृषि के क्षेत्र में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, अवस्थापना आदि के क्षेत्र में विकास का भी उल्लेख किया जायेंगा मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कौशाम्बी महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं-चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता आदि की तैयारी की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को मेंहदी प्रतियोगिता कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कराने एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत पात्र जोड़ों का विवाह आयोजित कराने के निर्देश दियें उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को कौशाम्बी महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दियें। कौशाम्बी महोत्सव में विभिन्न विभागों की विभागीय योजनाओ से सम्बन्धित प्रदर्शनी भी लगायी जायेंगा ज्ञातब्य है कि कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन 7, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को फसईया मैदान (जीआईसी के सामने) कड़ा में किया जायेंगा कौशाम्बी महोत्सव के तीनों दिन श्री कुमार विश्वास द्वारा रामकथा (अपने-अपने राम विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेंगा समिति द्वारा कौशाम्बी महोत्सव की थीम रखने तथा थीम का प्रस्ताव जनपदवासियों से प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपदवासी/आम जन-मानस अपनी स्व-रचित थीम 15 मार्च 2023 तक अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर सहित आगामी 15 मार्च 2023 की सायं 05 बजे तक पता-कार्यालय, जिला सूचना अधिकारी, कलेक्ट्रेट-मंझनपुर पर प्रेषित कर सकतें है। इसके साथ ही मोबाइल नम्बर-9453005381 पर एसएमएस व ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं। कौशाम्बी महोत्सव समिति द्वारा चयनित थीम के रचयिता को उचित पुरस्कार दिया जायेगा।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 114 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## 50 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार, 7 कुंतल लहन कराया गया नष्ट

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा तीन अभियुक्तों चौबे लाल पुत्र मल्लू गोलकी पत्नी स्व0 बाबू लाल व मोना पुत्री भोला निवासीगण वार्ड नं0 03 कस्बा अझुआ थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 50 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद की गयी तथा मौके से 07 कुंतल लहन नष्ट कराया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 37 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र श्री लाल निवासी गडेरियन का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कालेज के छात्रों को दी गई वैज्ञानिक एवं औधोगिक क्षेत्र की जानकारी

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स कालेज द्वारा बच्चों को औधोगिक प्रशिक्षण देने के लिए भ्रमण कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूरमुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कालेज के प्रबंधक डा प्रभू शंकर शुक्ल ने कहा औधोगिक प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ - साथ विज्ञान एवं उद्योग के क्षेत्र में भी जानकारी देना बेहद आवश्यक है जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। नई दिल्ली द्वारा आयोजित विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित पांच दिवसीय औद्योगिक भ्रमण कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसके तहत 23 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रयागराज जनपद के जवाहर प्लेनेटोरियम आनंद भवन, हिन्दुस्तान ग्लास वर्क्स, जी. टी. रोड बम्हरौली, आईटीआई नैनी, तिरुपति बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड पारले जी कंपनी नैनी उक्त सभी जगहों पर ले जाकर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के बच्चों को भ्रमण कराया गया और औधोगिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्र की जानकारी दी गई। भ्रमण कार्यशाला संपन्न होने के बाद प्राइज व सर्टिफिकेट




डिस्ट्रीब्यूशन वितरित किया गया। इस मौके पर छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण करके नई चीजों को सीखा। उसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अंतिम दिन कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल माननीय सदस्य गणों ने बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफियां देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में कार्यक्रम के समापन की घोषणा संस्था के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र शुक्ल के द्वारा की गई और सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज प्रयागराज के प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल, आधार निर्माण फाउंडेशन नई दिल्ली के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला, कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ० श्वेता जायसवाल, रश्मी त्रिपाठी, ओम प्रकाश द्विवेदी, अरविंद सिंह पटेल, लवलेश कुमार, मनजीत सिंह यादव, नीरज कुमार, ललित कुमार त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार वर्मा, आकाश कुमार पुरोहित, ज्योति सिंह, पिंकी यादव, अर्चना, शीलू त्रिपाठी, नीता मोदनवाल अखिलेश कुमार शैलेंद्र कुमार शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

संपादकीय

## फीके पड़ते होली के रंग

**होली** एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि न हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं। फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेळी में लोगों को पकडकर डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहों पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे। पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों में उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधनों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही हैप्पी होली शुरू होती है और खत्म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तों में वह मिठास नहीं रह गया है।

## प्रकृति के रक्षक की भूमिका में वन्यजीव

**डॉ. प्रितम भी. गेडाम**

**हर** साल 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस दुनियाभर में जैवविविधता और वन्यजीवों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस साल की थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी रखा गया है। बड़े-बड़े जानवरों से लेकर किट-पतंगों तक, पृथ्वी पर जीवन की विशाल विविधता मानव जीवन और कल्याण में बहुत अधिक योगदान देती है। 50,000 जंगली प्रजातियां दुनियाभर में अरबों जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करती हैं। दुनिया में हर 5 में से 1 व्यक्ति आय और भोजन के लिए जंगली प्रजातियों पर निर्भर है, जबकि आज भी 2.4 अरब लोग खाना पकाने के लिए लकड़ी के ईंधन पर निर्भर हैं। अनेक गुणकारी पेड़-पौधे भी लुप्तप्राय प्रजातियों के समूह में आ गए हैं। पिछले 40 वर्षों में, वन्यप्रजातियों की आबादी में औसतन 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। वर्तमान में 10 लाख से ज्यादा प्रजातियां खतरे में हैं। सभी को वर्तमान में मौजूद वन्यजीव, प्रजातियों और जलीय जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना जरुरी है। पृथ्वी पर मानवी जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए, वन्यजीवों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। मनुष्य की लालसा चरम पर :- जैसा कि हम सब जानते है कि दुनिया में मनुष्य से ज्यादा खुखार, धूर्त, लालची जानवर अन्य कोई नहीं है। आज प्रत्येक मनुष्य खुद के फायदे के लिए जद्दोजहद में लगा हुआ नजर आता है, चाहे उसके स्वार्थ के कारण अनेक मासूमों की जिंदगी तबाह क्यों न हो जाये। गांव उजड़ते जा रहे है, शहरों की ओर तेजी से पलायन जारी है, शहर महानगरों का स्वरुप धारण कर रहे है। शहरों के आसपास के गांवों की उपजाऊ खेती में फसल की जगह अब बड़ी-बड़ी आलिशान इमारतें बनायीं जा रही है। प्रदूषण, मिलावटखोरी, जंगल कटाई, यांत्रिक साधनों का अत्यधिक प्रयोग, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरण के चक्र को बिगाड़ रहा है। आज व्यक्ति को अपने घर-आँगन में खुली जगह या पेड़-पौधे नहीं बल्कि अधिक से अधिक कांक्रीट के कमरे चाहिए, चाहे इसके लिए दूसरों की जगह पर अतिक्रमण ही क्यों न करना पड़े। आज का स्वार्थी मानव अपनी गलती की सजा पूरे पर्यावरण और सजीव वर्ग को दे रहा है, जिसका सीधा असर इकोसिस्टम पर पड़ता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओज़ोन लेयर की समस्या, बढ़ता तापमान, खाद्यसुरक्षा की कमी, बाढ़ और सूखा, प्राकृतिक आपदा, बढ़ती गंभीर बीमारियां ऐसे ही लोगो की गलती की देन है। उदाहरण के लिए, देखा जाए तो दुनिया में उतने लोग नहीं है जितने उनके लिए मोबाइल बनाये गए है, लेकिन जरूरत के बाद ये करोड़ों की संख्या में मोबाइल का सौ प्रतिशत योग्य व्यवस्थापन (रीसायकल) पर्यावरण को कोई भी हानि न पहुंचाते हुए किया जाता है?

# जन जन कि आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम

**रमेश सर्राफ धमोरा**



**हमारे** देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है।

सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ। एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। पिछले वर्ष अगस्त को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रही 3 महिलाओं की भगदड़ में मौत होने के बाद प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सख्त हो गया। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो रही है। यदि आने वाले समय में सरकार यहां के मंदिर परिसर का विस्तार कर एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन करें तो राजस्थान के इस प्रसिद्ध मंदिर का भी आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर की तरह व्यवस्थित ढंग से विकास हो सकता है। जिसका लाभ श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहतें हैं।)**

> युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे

# जीव-जंतुओं की प्रजातियां लगातार विलुप्त होती चली जा रही

**आज** हमारी धरती से विभिन्न पेड़-पौधों, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं की प्रजातियां लगातार विलुप्त होती चली जा रही हैं। इन सभी प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में ही वर्ष 2013 से प्रतिवर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय(एनडेंजर्ड) प्रजातियों(स्पेशीज) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (सीआईटीईएस) को विश्व वन्यजीव दिवस अपनाने का दिन घोषित करने का निर्णय लिया था, जिसे थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विभिन्न वन्यजीवों(वाइल्ड एनीमली) के पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम), उनकी आनुवांशिकी(जेनेटिक्स),वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन-अध्यापन को सतत रूप से बढ़ावा देने, विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा, उनका संरक्षण किए जाने के संदर्भ में इस दिवस को प्रतिवर्ष मनाये जाने का निर्णय लिया था, जो कि वास्तव में इस दिन को मनाने के उद्देश्य भी कहे जा सकते हैं। सच तो यह है कि जीवों के बिना सतत विकास और मानव कल्याण संभव नहीं है। जीव-जंतु और वनस्पतियों के कारण से ही मानव का अस्तित्व, कल्याण व विकास संभव है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2020 की थीम पृथ्वी पर जीवन कायम रखना, वर्ष 2021 की थीम वन और आजीविका: लोगों और ग्रह को बनाए रखना, वर्ष 2022 की थीम – पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए प्रमुख प्रजातियों को पुनर्प्राप्त करना थी, वहीं इस वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में विश्व वन्य जीव दिवस की थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी रखी गई है। वास्तव में यह दिवस एक प्रकार से दुनिया के विभिन्न जंगली जानवरों और पौधों/वनस्पतियों पर ध्यान आकर्षित करने और उनका सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। बताता चलूं कि वर्ष 2020 को जैव विविधता सुपर वर्ष कहा गया था, क्योंकि वर्ष 2020 में जैव विविधता को सतत विकास के लिए वैश्विक एजेंडे में सबसे ऊपर रखा गया था। बहरहाल, वनस्पतियों-पेड़-पौधों से ही इस धरती की पहचान और सौंदर्य है। वनस्पतियों, पेड़-पौधों के कारण ही मनुष्य जाति का अस्तित्व संभव है। इन्हीं जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों व वनस्पतियों के कारण हमारी जैव-विविधता कायम है। पृथ्वी की जैव-विविधता के विकास के साथ-साथ पेड़, जीवों व वनस्पतियों को आवास उपलब्ध कराने और भोजन, ईंधन, लकड़ी, औषधीय उत्पादों व अन्य चीजों के जरिए जीवन व आजीविका को बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण व अहम्मि का निभाते हैं। हमारे यहाँ पेड़-पौधों की साठ हजार से भी अधिक प्रजातियां हैं। ये हमारी पृथ्वी के बायोमास का बड़ा हिस्सा हैं। पेड़-पौधे व वनस्पतियां धरती की संवहनीयता को बनाए रखने में सहायक हैं, वहीं इनसे हमें भरपूर ऑक्सीजन, अनेक उत्पाद गोंद,लकड़ी, फल-फूल,बीज आदि की प्राप्ति होती है। बरसात भी पेड़ों के कारण संभव होती है। सितंबर 2021 में पहली बार द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स ट्रीज प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार आज दुनियाभर में 58,497 पेड़ों की प्रजातियां लुप्त होने के खतरों का सामना कर रहे हैं जो कि बहुत ही संवेदनशील व गंभीर है। यह रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में 17,510 (30 प्रतिशत) पेड़ों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं, जिनमें से 142 पहले ही जंगलों में विलुप्त हो चुकी हैं। यहाँ बताता चलूं कि भारत दुनिया के 17 अत्यधिक विविधता वाले देशों में से एक है। स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स ट्रीज रिपोर्ट के विश्लेषण और आईयूसीएन की सप्लिमेंट्री इंफॉर्मेशन से पता चलता है कि देश में पेड़ों की कुल 2,608 प्रजातियां हैं, जिनमें से 651 स्थानिक हैं। इनमें से कुल 413 प्रजातियां (18 प्रतिशत) विलुप्त होने की कगार पर हैं, 2 स्थानिक प्रजातियां-होपिया शिंगकेंग और स्टरकुलिया खासियाना पहले ही विलुप्त हो चुकी हैं। कोराइफा टैलिएरा जंगलों में लुप्त हो चुकी है।भारत आजीविका और पारिस्थितिक सेवाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण पेड़ों की प्रजातियों को तेजी से खो रहा है। इनमें मसाले (जैसे इलिसियम ग्रिफिथआई), इत्र (एक्वीलेरिया मैलाकेंसिस), दवा (कमिफोरा वाइटी), लकड़ी (मैगनोलिया लैनुगिनोज), फल (एलियोकार्पस प्रुनिफोलियस), सजावटी उत्पाद (रोडोडेंड्रोन वाटी) और ईंधन (उल्मस विलोसा) का उत्पादन करने वाली प्रजातियां शामिल हैं। इन प्रजातियों के लिए प्रमुख खतरों में वनों की कटाई, आवास को क्षति, लकड़ी और गैर-लकड़ी उत्पादों के लिए अत्यधिक दोहन, कृषि गतिविधियां और विदेशी कीटों और बीमारियों का प्रसार शामिल हैं। अत्यधिक दोहन ने देश के कुल वन क्षेत्र को काफी हद तक बदल दिया है। दुर्भाग्य से बहुत से लोग पेड़ों को अर्थ(धन) मशीन के रूप में देखने लगे हैं। देश का कुल वन और वृक्षों से भरा क्षेत्र 80.9 मिलियन हेक्टेयर हैं जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.62 प्रतिशत है। यह आबादी की तुलना में और संसाधनों के हिसाब से उतना नहीं है जितना कि वास्तव में होना चाहिए। बढ़ते शहरीकरण, औधोगीकरण, विकास और तकनीक के बीच हमने आज हर जगह कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी है और पृथ्वी के संसाधनों का असीमित, अविवेकपूर्ण व अंधाधुंध उपयोग कर रहे हैं जो कि हमारे लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो सकता है। हालांकि वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार पिछले दो वर्षों में (वर्ष 2019) देश के कुल वन और वृक्षों से भरे क्षेत्र में 2,261 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है, और देश में कुल मैंग्रोव क्षेत्र 4,992 वर्ग किमी है, इसमें 17 वर्ग किमी क्षेत्र की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन इसमें और अधिक इजाफा किए जाने की जरूरत है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के जंगल में कुल कार्बन स्टॉक 79.4 मिलियन टन की बढ़ोतरी के साथ 7,204 मिलियन टन होने का अनुमान है। एक सुखद तथ्य यह है कि (वर्ष 2021 के मौजूदा मूल्यांकन से पता चलता है कि) देश के 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का 33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र वनों से पटा हुआ है। अच्छी बात यह है कि आज सरकार का ध्यान वनों को न केवल मात्रात्मक रूप से संरक्षित करने पर है बल्कि गुणात्मक रूप से इसे समृद्ध करने पर भी है। आज क्षेत्रफल के हिसाब से, मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है।

इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र हैं। कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण के मामले में, शीर्ष पांच राज्य मिजोरम (84.53%), अरुणाचल प्रदेश (79.33%), मेघालय (76.00%), मणिपुर (74.34%) और नगालैंड (73.90%) हैं। आज देश में वर्षा के असमान वितरण, सूखे,बाढ़, वनों की अंधाधुंध कटाई, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की घटती दिलचस्पी के कारण से धरती की जैव विविधता, पर्यावरण निरंतर गड़बड़ा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि कटिबंधीय वनों में ही संपूर्ण वनस्पतियों की पचास फीसद वनस्पतियां पाई जाती हैं। ये हमारी प्रकृति के संतुलन को सदैव बनाए रखती हैं। धरती के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में मानव से भी ज्यादा भूमिका वन्य प्राणियों और वनस्पतियों की है। इसलिए इनके विलुप्त होने से प्रकृति पर गहरा असर पड़ेगा। एक अन्य आंकड़े के अनुसार धरती पर उन्नीस हजार से ज्यादा पेड़-पौधे विलुप्त होने के कगार पर आ गए हैं। मालूम हो कि ब्राजील में विलुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या सबसे अधिक एक हजार सात सौ अट्ठासी दर्ज की गई है। इसमें महोगनी, शीशम जैसी प्रजातियां प्रमुख हैं। वहीं पर वनस्पति विविधता के लिहाज से कहीं कम संपन्न माने जाने वाले यूरोप और उत्तर अमेरिका में भी पेड़ों की कई प्रजातियां खतरे में मिली हैं। कीटों का आतंक और कीटनाशकों का ज्यादा इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह बताई गई है।

आज विश्व के लगभग लगभग देशों में वनस्पतियों, पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनमें ब्राजील, इंडोनेशिया,कोलंबिया, मलेशिया,वेनेजुएला जैसे देश प्रमुखता से शामिल हैं। हालांकि मलेशिया ऐसा देश है जहां लोग वन और वनस्पतियों को लेकर काफी जागरूक हैं और मलेशिया काफी हरा-भरा देश है। बहरहाल, यदि हम यहां वन्यजीवों की बात करें तो एक रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार भारत में बाइस वन्य जीव व वनस्पति प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इनमें जीवों की चार व वनस्पतियों की 18 प्रजातियां शामिल हैं।

# रूस यूक्रेन युद्ध, जैविक युद्ध की तरफ बढ़ रहा है

**संजीव**

**यूक्रेन** कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगी' रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे।

रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है।

ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं।

## चिरकुटलाल की मस्टराई

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** दिन चिरकुटलाल मास्टर बन बैठा। कक्षा में बच्चों के सामने जा धमका। उसने सभी बच्चों से पुस्तकें निकालने के लिए कहा। सभी बच्चों ने पुस्तकें निकालीं। चिरकुटलाल ने कहा झ आज हम दि कंट्री माउस एंड दि सिटी माउस पाठ पढ़ने जा रहे हैं। इसलिए सबसे पहले मुझे यह बताओ कि गाँव और शहर में क्या अंतर है सभी बच्चे अपनी-अपनी खोपड़ी खुजलाने लगे। जब सवाल पूछा है तब उसका उत्तर भी तो देना पड़ेगा! ऊपर से मास्टर जी की धमकी अलग से! जो बच्चे गलत उत्तर देंगे उन्हें मुर्गा बनाया जाएगा। अब मास्टर जी को कौन बताए कि जब से शिक्षा का अधिकार कानून बना है तब से शिक्षकों के पाले में कोई अधिकार बचा ही नहीं है। सब के सब बच्चों के अधिकार हैं। बच्चे चाहें तो मास्टर को मुर्गा न बना दें तो वही कम है। जो भी हो बच्चे उत्तर देने के लिए तैयार थे। सभी हाथ उठाने लगे।

चिरकुटलाल ने पहले एक बैक बैंचर को यह समझकर उत्तर देने के लिए उठाया कि शायद वह कुछ न बता पाये। लेकिन आजकल के बच्चे, बच्चे नहीं घूमते-फिरते आफत हैं। उनसे जितना कम पाला पड़े उतना अच्छा है। मास्टर जी के प्रश्न का उत्तर देते हुए बच्चे ने कहा - मास्टर जी! गाँव और शहर में बहुत छोटा सा अंतर है। गाँवों में कुत्ते बेकार घूमते हैं और गायों की पूजा की जाती है। वहीं शहर में कुत्तों की पूजा की जाती है और गायें बेकार घूमती हैं। गाँवों में जो अनपढ़, गंवार, अंगूठा छाप होता है वह गाय, बैल, भैंस बकरी चराता है, वहीं शहर में पढ़े-लिखे, बड़े-बड़े आफिसर के कुत्तों को घुमाते फिरते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी बने अजीत सिंह

## 2 से 9 अप्रैल तक ओरछा में होगा भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ओरछा में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह यूपी बुंदेलखंड के प्रभारी बनाए गए हैं। इस आयोजन में प्रभु श्रीराम पर केंद्रित फिल्में, चित्रकला, लोकनृत्य, यज्ञ, रामलीला आदि प्रदर्शित होंगी। यूपी-एमपी के दर्जनों मंत्री आयोजन में शिरकत करेंगे। युद्ध स्तर पर आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।



गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आगामी दो से 9 अप्रैल तक राम महोत्सव रुद्राणी कला ग्राम एवं शोध संस्थान परिसर में होगा। संस्थान के निदेशक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने विशाल आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के लिए राजा बुंदेला ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अलावा केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की है और उन्हें आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम महोत्सव के लिए शुभकामना संदेश भेजा हैं। सात दिवसीय आयोजन में यूपी-एमपी की दर्जनों राजनैतिक हस्तियां शिरकत करेंगी। राजा राम की नगरी ओरछा में प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के साधु-संत भी शिरकत करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वान, राम कथा मर्मज्ञ यहां रहेंगे साथ ही बुंदेलखंड के 17 जिलों में लोक कलाकारों, सामाजिक कार्यकताओं व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। रामकथा के मर्मज्ञ रामचरित मानस की उन चैपाइयों पर भी विस्तार से प्रकाश डालेंगे। जिनको लेकर बखेड़ा खड़ा किया जा रहा है। गोस्वामी तुलसीदास की जन्म स्थली राजापुर पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जायेगी। बुंदेलखंड की विलुप्त हो रही संस्कृति संरक्षण की दिशा में यहां के लोक कलाकारों, लोक विधाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। घर-घर राम को पहुंचाने वाले रामानंद सागर की रामायण के प्रमुख पात्रों को मुंबई से आमंत्रित किया जाएगा।

# फटाफट खबरें

## जंगल है यहां के लोगों की धरोहर: प्रदीप त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में प्रभागीय वनाधिकारी/डायरेक्टर रानीपुर टाइगर रिजर्व के तकरीबन एक माह से खाली चल रहे पद पर बुधवार को सिद्धार्थनगर से आये डीएफओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में जंगलों को आग से बचाने की सबसे बडी चुनौती है। शासन की मंशानुसार कार्य करने को कहा है।



गुरुवार को प्रभागीय वनाधिकारी/डायरेक्टर प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने पदभार संभालने के बाद डीएफओ कार्यालय में बताया कि वह सिद्धार्थनगर से यहां आये हैं। कल ही उन्होंने पदभार ग्रहण किया है। मूल रुप से इलाहाबाद के रहने वाले डीएफओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शासन की मंशानुसार वह कार्य करेंगे। उनकी मंशा है कि चाहे दस पौधे ही लगें, पर वे सभी जिन्दा रहें। जंगल को बचाने की प्राथमिकता बताई। कहा कि जंगल यहां के लोगों की धरोहर है। जंगलों को बचाने से पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में जंगलों को आग से बचाना उनकी सबसे बडी चुनौती है। आगामी दिनों में लोग महुआ बीनने के फेर में जंगलों में आग लगा देते हैं। इससे जंगलों को भारी क्षति पहुंचती है। जंगलों में रहने वाले जीव-जन्तु भी अग्निकांड से खासे परेशान होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया कि जंगलों को अग्निकांड से बचाने में हर हाल में सभी लोग सहयोग करें।

## गैस के मूल्य बढने पर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि घरेलू गैस के दामों में बढ़ोतरी से आम जनता खासी परेशान है।



गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने एसडीएम सदर राजबहादुर के कार्यालय जाकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। केंद्र में बैठी भाजपा सरकार आम जनता को लूटने का काम कर रही है। जिस तरह से अभी रसोई गैस के दामों में पचास रुपये की बढ़ोतरी की गई है, इसका पूरे देश में कांग्रेस विरोध कर रही है। महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गैस के दामों में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि का कांग्रेस विरोध करती है। आम आदमी के हितों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेसियों ने मांग किया कि बढ़ाए गैस के दाम तत्काल वापस लिए जाए।

ज्ञापन देने में कांग्रेस नेता चुनवाद प्रसाद, अनिल गुप्ता, विजयमणि त्रिपाठी, माता बदल भारतीय, ओम प्रकाश गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने परखी लोनिवि सडक की गुणवत्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी ने लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खंड के तहत नवीन सडक निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने सडक की खुदाई करवाकर गुणवत्ता जांची।



गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोनिवि प्रान्तीय खंड के भरतकूप, मानपुर, मडफा व बघेलाबारी मार्ग के किमी एक से छह एवं सात से 16 में कराये जा रहे सडक की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सडक की खुदाई कराकर मानक की जांच करवाई। सडक के मानक अनुरुप मिलने पर उन्होंने एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येन्द्रनाथ से कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।


जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार सडक पर सामग्री का प्रयोग कराकर निर्माण कार्य कराया जाये। गुणवत्ता में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सडक कार्य समय सीमा के भीतर पूरा होना चाहिए। निरीक्षण दौरान एक्सईएन लोनिवि इं सत्येन्द्रनाथ आदि मौजूद रहे।

# जेल अधीक्षक व जेलर को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू

## अब्बास-निखत जेल मुलाकात मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कारागार रगौली में बन्द रहे माफिया सरगना मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी व बेगम निखत बानो अंसारी की भेंट मामले में पुलिस ने बडा एक्शन लिया है। पुलिस ने जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर और जेलर संतोष कुमार को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। एसपी वृन्दा शुक्ला ने कहा कि फिलहाल पूंछताछ कर साक्ष्य संग्रह किये जा रहे हैं। साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तारी की जायेगी।



गुरुवार को बांदा जेल में बन्द मुख्तार अंसारी के कासगंज जेल में बन्द विधायक बेटे अब्बास अंसारी और उनकी पत्नी निखत के भेंट मामले में जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर और जेलर संतोष कुमार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों को जल्द जेल भेज सकती है। दोनों पर जेल में अब्बास अंसारी और निखत को अवैध ढंग से मिलाने का आरोप है। डिप्टी जेलर चन्द्रकला को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ज्ञात है कि दस फरवरी को डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला ने लखनऊ से मिली सूचना पर जेल में छापा डालकर गैरकानूनी ढंग से निखत बानो व चालक नियात को पकडा था। निखत के पास से विदेशी मुद्रा समेत कई मोबाइल फोन आदि बरामद किया था। 11 फरवरी को दोनों को जेल भेजकर 17 फरवरी को रिमांड पर लिया था। 20 फरवरी को इनके मददगार सपा नेता फराज खान को व दूसरे मददगार नवनीत सचान को 24 फरवरी को पुलिस ने लखनऊ जेल भेजा है। इसी मामले में जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर व कुल आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। ये सभी निलम्बित चल रहे हैं। इनमें एक नया नाम डिप्टी जेलर चन्द्रकला का जुडा है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब नामजद 11 हो गये हैं। जांच टीम ने जेल अधीक्षक अशोक सागर व जेलर संतोष कुमार को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि जेल अधीक्षक अशोक सागर व जेलर संतोष कुमार से जांच टीम पूंछताछ कर रही है। साक्ष्य मिलने पर इन्हें भी गिरफ्तार किया जायेगा

# छठे दिन श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह कथा का श्रोताओं ने उठाया आनंद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शहर मुख्यालय से सटे चकमाली अमानपुर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अंबिका प्रसाद पाण्डेय सुभाष इंटर कॉलेज इटवा के यहां चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण और महारानी रुकमणी के विवाह का बड़ा ही सुंदर वर्णन श्री धाम वृंदावन से आए व्यास पंडित मुकेश कृष्ण जी महाराज ने किया।



गुरुवार को पंडित मुकेश कृष्ण जी महाराज ने रुकमणी और भगवान कृष्ण के विवाह की कथा का वर्णन करते हुए बताया की विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुकमणी हैं। रुकमणी के भाई रुक्मी भगवान श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन का विवाह शिशुपाल से करने का निश्चय किया। राजा भीष्मक अपने पुत्र की इच्छा अनुसार पुत्री रुकमणी का विवाह शिशुपाल के साथ तय कर दिया। मगर मन ही मन सोंचा काश मेरी पुत्री का विवाह श्री कृष्ण के साथ हो जाय भगवान ने भीष्मक की प्रार्थना स्वीकार कर लिया और कहा तथास्तु। जब इस बात का पता रुकमणी को लगा तो वह बहुत दुखी हुई। एक ब्राह्मण को भगवान कृष्ण के पास भेजा। रुकमणी का संदेश पाकर भगवान कृष्ण आधी रात में ब्राह्मण को रथ में बैठकर विदर्भ पहुंच गए। इधर रुकमणी तैयार होकर मंडप में जाने से पहले मां पीतांबरा के मंदिर सैनिकों के साथ पूजा अर्चना करने जाती हैं। मां पीतांबरा के सामने हाथ जोड़कर भगवान कृष्ण को अपने पति के रूप में पाने के लिए प्रार्थना करती है। इधर रुकमणी जैसे ही मंदिर से बाहर निकलती है तो उन्हें वह ब्राह्मण दिखाएं पड़ता है। ब्राह्मण को देखकर रुकमणी बहुत प्रसन्न हुई। उनको समझने में संशय नहीं रहा कि श्री कृष्ण ने उनके समर्पण को स्वीकार कर लिया है। रुकमणी अपने रथ पर बैठना चाहती है, लेकिन भगवान श्री कृष्ण पहुंचकर उनका हाथ पकड़ लेते हैं। उसे खींचकर अपने रथ पर बिठाकर बड़ी तेजी के साथ द्वारिका की ओर चल पड़ते हैं। इधर पूरे राज्य में खबर फैल गई कि श्री कृष्ण रुकमणी का हरण करके उसे द्वारकापुरी ले गए। शिशुपाल ने जब यह समाचार सुना तो वह क्रोधित हो उठा और वह अपने मित्र राजाओ और सेनाओं के साथ कृष्ण का पीछा किया, किंतु बीच में ही बलराम और यदुवंशियों ने शिशुपाल आदि को रोक लिया। और अंत में शिशुपाल आदि निराश होकर वापस चले गए।

उधर रुकमणी का भाई रुक्मी अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार लौटकर अपने देश नहीं जाता और बीच में ही नगर बसा कर रहने लगता है। भगवान कृष्ण महारानी रुक्मणी को लेकर द्वारिका की तरफ चल देते हैं, लेकिन मान्यता है कि द्वारकापुरी के पहले एक छोटा सा गांव पड़ता है जिसका नाम है माधवपुर। वहीं पर भगवान कृष्ण और महारानी रुक्मणी की शादी होती है। इधर महाराजा वासुदेव जी बारात लेकर वहां पहुंचते हैं। उधर से महाराजा भीष्मक भी पूरी तैयारी के साथ वहां पहुंचते हैं। दोनों पक्ष तैयार होकर गाने बाजे के साथ भगवान कृष्ण और महारानी रुकमणी का विवाह संपन्न कराते हैं। आज भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण और रुकमणी विवाह की कथा का भागवत श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया और गाजे बाजे के साथ भगवान कृष्ण और महारानी रुकमणी जी बरात निकली गई।

# न्यूज झरोखा

## समिति चुनाव में हो रही धांधली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** किसान सेवा सहकारी समिति उत्तरी पहाडी के पूर्व संचालक राजाबाबू सिंह ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकारी समिति नियमावली 1968 के नियम 84 क के तहत प्रतिनिधियों के चुनाव में अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि दो मार्च को उच्च न्यायालय में अनियमितता बरतने पर याचिका दाखिल की गई है।

गुरुवार को किसान सेवा सहकारी समिति उत्तरी पहाडी के पूर्व संचालक राजाबाबू सिंह ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि पूर्व में बीस जनवरी व 21 फरवरी को समिति में अनियमितता की शिकायत की गई थी। शिकायतों पर शासन ने कोई जवाब नहीं दिया। मजबूर होकर दो मार्च को उच्च न्यायालय में अनियमितता को लेकर याचिका दाखिल की गई है।

उन्होंने कहा कि जब तक उच्च न्यायालय में सुनवाई न हो जाये, तब तक चुनाव प्रक्रिया में रोक लगाई जाये। अथवा पूर्व में की गई शिकायतों की जांच कर कार्यवाही की जाये।

## नौ वाहनों का टीएसआई ने किया चालान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में यातायात व्यवस्था चैकस रखने को टीएसआई योगेश कुमार यादव ने शहर में अभियान चलाया। अभियान के तहत टैम्पो-टैक्सी व आटो से लाउडस्पीकर निकलवाये।

गुरुवार को टीएसआई योगेश कुमार यादव ने शहर के बस स्टैण्ड, ट्राफिक चैराहा, एलआईसी तिराहा में वाहनों की जांच की। जांच दौरान प्रतिबंधित स्थान पर खडे वाहनों का चालान किया। वाहनों में लगे लाउडस्पीकर हटवाये। नौ वाहनों को एमवी एक्ट के तहत सीज किया। दो ई-रिक्शा व सात आटो को सीजकर 14 ई-रिक्शा व आटो का ई-पेंडिंग चालान किया।

उन्होंने इस दौरान ई-रिक्शा चालकों एवं आटो चालकों को जागरूक कर कहा कि वाहनों में लाउडस्पीकर न बजायें। ओवरलोड सवारी न बैठायें। यातायात नियमों का पालन करें।

## मनरेगा की किस्त आते ही ब्लाक में दिखने लगे सप्लायर, सप्लायरों पर नहीं लग रहा अंकुश



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में मार्च माह में मनरेगा की किस्त आने की सूचना मिलते ही ब्लाक में सप्लायर मधुमक्खी की भांति भिनभिनाने लगे हैं। सप्लायरों को जैसे ही पता चलता है कि शासन से मनरेगा की किस्त आने वाली है, वैसे ही अपने फर्म के नाम भुगतान करवाने को बिल बाउचर व दस फीसदी कमीशन में सौदेबाजी कर प्रधानों व सचिवों को देना शुरू कर देते हैं।

गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक में आधा दर्जन से ज्यादा आपूर्तिकर्ता प्रधानों से सांठगांठ करके ग्राम पंचायतों में प्रधानों के स्थान पर खुद मनरेगा से सडकों आदि का निर्माण कार्य करते हैं। तीन माह व छह माह में मनरेगा की किस्त आते ही ये आपूर्तिकर्ता अपना बिल बाउचर फीड करवाकर भुगतान करवाकर प्रधान व सचिव को उनका हिस्सा देकर मालामाल हो रहे हैं। इन आपूर्तिकताओं पर ब्लाक प्रमुख अरविन्द कुमार मिश्रा ने अंकुश लगाने के तमाम प्रयास किये हैं, लेकिन इनकी जडें इस कदर मजबूत हैं कि इन्हें हटाना या रोकना ब्लाक प्रमुख के बस का रोग नहीं है।

इन्हीं आपूर्तिकताओं की वजह से ब्लाक स्तर पर ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार पनप रहा है। ये आपूर्तिकर्ता क्षेत्र में ऐसे प्रधानों व ग्राम पंचायतों को सबसे ज्यादा निशाने पर लेते हैं, जो प्रधान गरीब तबके के होते हैं।

# बिजली व गैस वृद्धि वापस न होने पर भाकपा करेगी आन्दोलन: अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा सचिव मंडल ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से केंद्र व प्रदेश सरकार के बनाए गए प्रतिष्ठान ने बिजली के दामों में 23 फीसदी वृद्धि के प्रस्ताव व केंद्र सरकार के घरेलू रसोई गैस पर 50 रुपये व कामर्शियल में 350 रुपये बढ़ाने के निर्णय की निन्दा की। गुरुवार को भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि सरकार आम जनता को सस्ता स्वास्थ्य, सस्ती शिक्षा व सबको रोजगार में कोई राहत न देकर मंहगाई, बेरोजगारी में वृद्धि कर खून चूसने का काम कर रही है। विद्युत वितरण कंपनी के पास बिजली उपलब्ध नहीं है। जनता, किसानों और पूरे प्रदेश की जनता पर टैक्स का बोझ वैसे भी बजट में बढ़ाया है। बिजली की दरों में वृद्धि व गैस के दामों में बढ़ोतरी कर सरकार ने होली के पहले आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। का अमित ने कहा कि भाकपा जिला कौंसिल सख्त विरोध कर मांग करती है कि रसोई गैस के दाम, बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। चेताया कि ऐसा न करने पर भाकपा आंदोलन को बाध्य होगी। सचिव मंडल में खासतौर से सत्यहरण, का रामप्रसाद सिंह, का रविकरन, का कमलेश प्रसाद, का श्रीपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



# विदेश संदेश

## कांगो में कई बच्चों समेत 22 का अपहरण

**किन्शासा।** उत्तरी कांगो के तीन गांवों से कई बच्चों समेत 22 लोगों का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। क्षेत्रीय प्रशासक एम. लेकाबुसिया ने बताया कि सेना की वर्दी पहने सात बंदूकधारियों ने मंगलवार को अंगो क्षेत्र के तहत आने वाले गांवों में धावा बोला और कुछ लोगों का अपहरण कर लिया। इनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। अब तक किसी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि मध्य अफ्रीकी देश का पूर्वी हिस्सा कई दशकों से हिंसा का सामना कर रहा है, जहां लगभग 120 सशस्त्र समूह सत्ता और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के लिए लड़ रहे हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में एनजीओ की हैसियत से शामिल हुआ था कैलासा

**संयुक्त राष्ट्र।** यौन शोषण मामले में आरोपित भगोड़े नित्यानंद की प्रतिनिधि विजयप्रिया के संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ बयान को किसी भी तरह की तवज्जो नहीं दी जाएगी। इसका कारण यह है कि इस बैठक में एनजीओ की तरफ से भाग लेने पहुंचीं थीं, न कि किसी देश की तरफ से। यह बात संयुक्त राष्ट्र ने अपने एक वक्तव्य कही है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि विजयप्रिया के बयान पर न तो विचार नहीं किया जाएगा और ना ही संबंधित समिति के समक्ष विचार के लिए भेजा जाएगा।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की बैठक में नित्यानंद की प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुईं विजयप्रिया ने भारत के खिलाफ जहर उगला था और नित्यानंद को हिंदू धर्म का सर्वोच्च गुरु बताया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र की समिति ने कहा कि यूएन की बैठक में नित्यानंद का देश 'कैलासा' एक एनजीओ के रूप में शामिल हुआ था। समिति ने कहा कि नित्यानंद की प्रतिनिधि विजयप्रिया ने यहां जो कुछ भी कहा, उस पर विचार नहीं किया जाएगा और ना ही संबंधित समिति के समक्ष भेजा जाएगा। कैलासा की प्रतिनिधि विजयप्रिया ने 24 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया था। नित्यानंद ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। उसने संयुक्त राष्ट्र बैठक में शामिल विजयप्रिया की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'यूनाइटेड स्टेट ऑफ कैलासा की प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया।

बता दें कि भगोड़ा नित्यानंद पर भारत में रेप और अपहरण के आरोप हैं। 2019 में वह देश छोड़कर भाग गया था। इसके बाद उसने यूनाइटेड स्टेट ऑफ कैलासा बनाने का दावा किया।

## नेपाल के प्रांत 1 को कोसी नाम दिया गया

**काठमांडू।** नेपाल में तीन प्रमुख पार्टियों ने प्रांत 1 के नाम पर निर्णय लेकर छह साल से नाम को लेकर चल रहे विवाद को सुलझा लिया है। रात यहां कोसी नदी के पूर्व के इलाके का नाम कोसी प्रदेश तय किया गया है। कोसी नाम रखने का प्रस्ताव प्रांतीय विधानसभा के दो-तिहाई से अधिक मतों द्वारा पारित किया गया था। प्रस्ताव को यूएमएल सांसद राम बहादुर राणा, कांग्रेस सांसद भूमि प्रसाद राजवंशी और यूएमएल के नीरन राय ने समर्थन दिया था। पक्ष में 82 मत पड़े जबकि विरोध में महज चार वोट पड़े। राज्य विधानसभा में कुल 93 सांसद हैं। कुछ दल मांग करते रहे थे कि प्रांत 1 का नाम जातीयता व क्षेत्रवाद के आधार पर रखा जाना चाहिए। हालांकि, इसे खारिज कर दिया गया। कोसी एक नदी है जो तिब्बत से निकलती है और नेपाल के पूर्वी क्षेत्र से होते हुए भारत में बिहार की ओर बहती है। कोसी नदी कोशी प्रांत ही नहीं बल्कि नेपाल और उत्तर भारत के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

नेपाल में कुल 7 प्रांत हैं। प्रांतीय विधानसभा द्वारा पहली बार में ही 6 प्रांतों के नाम चुने जा चुके थे। प्रांत 1 का नाम द्वितीय प्रांत विधानसभा द्वारा दिया गया है। नेपाल के 7 प्रांतों में मधेश को छोड़ कर सभी प्रांतों के नाम भूगोल के आधार पर रखे गए हैं।

## नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने परिवार के साथ भारत में

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने परिवार के साथ भारत में हैं। भारत दौरे पर उनके साथ पूर्व महारानी कोमल, बेटी प्रेरणा और पूर्व राजघराने के सदस्य भी मौजूद हैं। पूर्व राजा के एक सहयोगी ने बताया कि वह पूर्वी नेपाल में काकड़विट्टा सीमा से सिलीगुड़ी पहुंचे। उनके साथ करीबी और निजी सचिवों समेत 19 लोग हैं। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि पूर्व राजा शाह का दार्जिलिंग और सिक्किम के इलाकों का दौरा करने का कार्यक्रम है। राजशाही की समाप्ति के बाद पूर्व राजा शाह पहली बार राजनीतिक रूप से सक्रिय होने लगे हैं। एक महीने पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से पूर्वी नेपाल के झापा में एक राजनीतिक कार्यक्रम में भाग लिया था।

# चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी, ताइवान मिलिट्री को अमेरिका ने बेचे खतरनाक हथियार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को 619 मिलियन डॉलर कीमत के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ताइवान को अब एफ-16 फ्लीट की मिसाइलें मिल सकेंगी। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय आया है, जब चीन की वायुसेना द्वारा हाल ही में ताइवान की वायु सीमा का उल्लंघन किया। चीन और अमेरिका के रिश्ते भी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में ताइवान को ताजा हथियारों की बिक्री से दोनों देशों के रिश्तों में और कड़वाहट बढ़ सकती है। दरअसल ताइवान पर चीन दावा करता है और इसी वजह से वह ताइवान को किसी भी तरह की हथियारों की बिक्री का कड़ा विरोध करता है।



अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने ताइवान को 200 एंटी एयरक्राफ्ट एडवांस्ड मीडियम रेंज की एयर टू एयर मिसाइलों और 100 एजीएम-88बी एचएआरएम मिसाइलों की बिक्री करने का फैसला किया है। ताजा सौदे से ताइवान को अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि इन मिसाइलों के मिलने से हम अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा कर सकेंगे और चीनी सेना के उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब दे सकेंगे।

ताइवान के साथ हुए सौदे के तहत रेथियोन टेक्नोलॉजीज और लॉकहीड मार्टिन को कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। वहीं चीन द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के कारण चीन द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। गुरुवार को भी चीन की वायुसेना ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। ताइवान के रत्रा मंत्रालय का कहना है कि बीते 24 घंटे में चीन के 21 एयरक्राफ्ट्स ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। चूंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है इसलिए उसका दावा है कि संप्रभुता की रक्षा के लिए ऐसा करता है।

# दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में अमेरिका के नए राजदूत के नाम का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत हो सकते हैं। हालांकि उनके नाम पर अमेरिकी कांग्रेस की होने वाली अहम वोटिंग स्थगित हो गई है। अब यह वोटिंग आठ मार्च को होनी है और इसके बाद ही तय होगा कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे या फिर किसी नए नाम पर विचार किया जा सकता है।

**जानिए क्यों हो रहा है विरोध?**

व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा है कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के राजदूत बनने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम तय किया था। हालांकि एरिक गारसेट्टी के नाम



का पार्टी के ही कुछ नेताओं और विपक्ष द्वारा विरोध किया जा रहा है। बता दें कि गारसेट्टी लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर रह चुके हैं और मेयर रहने के दौरान उन पर अपने स्टाफ से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। यही वजह है कि विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के ही कुछ सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते पिछली कांग्रेस द्वारा एरिक गारसेट्टी के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगाई गई थी।

बीती जनवरी में जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम का फिर से एलान कर दिया। ऐसे में सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन बॉब मेन्डेज ने 28 फरवरी को कांग्रेस में एरिक गारसेट्टी के नामांकन को अंतिम करने के लिए बैठक बुलाई। अब यह बैठक स्थगित हो गई है और कमेटी आगामी आठ मार्च को वोटिंग करेगी। इसके बाद ही एरिक गारसेट्टी का नाम अंतिम हो सकेगा। आरोपों के बावजूद व्हाइट हाउस ने एरिक गारसेट्टी का समर्थन कर रहा है।

भारत में बीते दो साल से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति नहीं हो सकी थी। जिस पर सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ बॉब मेनेंदेज ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि इन पदों का लंबे समय तक खाली रहना अमेरिका के हितों में नहीं है। भारत के साथ ही अमेरिका ने जर्मनी, पाकिस्तान में भी अपने नए राजदूतों के नाम का एलान किया है।

## ईरान ने मृत्युदंड पर जर्मनी के दो राजनयिकों को निलंबित किया

**तेहरान।** ईरान ने कहा कि उसने अपने आंतरिक मामलों में जर्मनी के कथित हस्तक्षेप पर उसके दो राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया है। इससे पहले घातक हमलों के आरोप में ईरान सरकार के एक आलोचक को मृत्युदंड दिए जाने के बाद जर्मनी ने दो राजनयिकों को निलंबित कर दिया था।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अत्यधिक मांगों को लेकर जर्मन राजदूत को तलब किया था। हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया गया। ईरान ने हाल के महीनों में कई बार यूरोपीय राजनयिकों को तलब किया है। ईरान ने पश्चिमी देशों पर देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है। सितंबर में ईरान की नैतिक पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे। ईरान सरकार के आलोचक जमशीद शर्माद को मृत्युदंड दिए जाने के विरोध में जर्मनी ने उसके दो राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। ईरान ने शर्माद पर 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले ईरान पर शासन करने वाले पश्चिम समर्थित राजशाही को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध एक समूह के सशस्त्र विंग का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। शर्माद के परिवार का कहना है कि वह केवल विपक्षी समूह के प्रवक्ता थे और किसी भी हमले में उनके शामिल होने से इंकार किया।

जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने ईरान दूतावास के प्रभारी को पिछले हफ्ते तलब कर कहा कि जर्मन नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन हुआ। बेयरबॉक ने कहा कि कैलिफोर्निया के ग्लेनडोरा में रह रहे शर्माद को निष्पक्ष मुकदमे का भी मौका नहीं दिया गया।

## भारतीय मूल के प्रोफेसर को प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से नवाजा जाएगा

**न्यूयॉर्क।** मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के भारतीय मूल के प्रोफेसर हरि बालकृष्णन को तार और बेतार वाले नेटवर्क, मोबाइल सेंसिंग और वितरण प्रणालियों से संबंधित अपनी मौलिक खोज के लिए प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एमआईटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर साइंस विभाग में कम्प्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के फुजित्सू प्रोफेसर बालकृष्णन के नाम की घोषणा 22 फरवरी को की गई। द मार्कोनी सोसायटी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। मार्कोनी सोसायटी हर साल ऐसे नवेन्मेषकों को मार्कोनी पुरस्कार प्रदान करती है, जिन्होंने आधुनिक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेश को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, बड़े स्तर पर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग संबंधी अनुसंधान पर ध्यान देते हुए बालकृष्णन के कार्य ने लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान की है तथा इंटरनेट एवं बेतार संचार को और अधिक प्रभावशाली व मजबूत बनाया है। मार्कोनी पुरस्कार चयन समिति की अध्यक्ष एंड्रिया गोल्डस्मिथ ने कहा, प्रौद्योगिकी के लिए हरि के योगदान का नवाचार उल्लेखनीय है। बालकृष्णन ने आईआईटी मद्रास से बीटेक की डिग्री प्राप्त करने के बाद बर्कले स्थित कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय से पीएचडी की। उन्हें 27 अक्टूबर, 2023 को वाशिंगटन में एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# निक्की हेली बोलीं- पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर, उसे आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए

**वाशिंगटन।** कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का एलान करने वालीं रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने पाकिस्तान पर अपने हमलों को जारी रखा है। भारतवंशी हेली ने अब कहा है कि पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर है और उसे अमेरिका से बिल्कुल भी आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका की राजदीत और दो बार दक्षिण कैरोलाइना जिले से गवर्नर रह चुकीं 51 वर्षीय हेली ने पिछले महीने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान किया था। इसके बाद से ही वे अमेरिका के दुश्मन के तौर पर देखे जाने वाले देशों के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए हैं। एक ट्वीट में उन्होंने पाकिस्तान को घेरते हुए हैशटैग CutEveryCent यानी 'पूरी



रकम रोक दो' ट्वीट किया।

**पहले भी पाकिस्तान पर हमलावर रही हैं निक्की हेली**

इससे पहले भी हेली ने पाकिस्तान पर हमलों को धार देते हुए कहा था कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी मदद पर 46 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह मदद चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं को यह जानने का हक है कि यह पैसा कहां जा रहा है। हेली के मुताबिक, बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता फिर से शुरू कर दी है। यह देश कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठनों का घर है और इसकी सरकार चीन के साथ गहरे संपर्क में है।

उन्होंने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के तौर पर उन्होंने पाकिस्तान को दी जाने वाली करीब दो अरब डॉलर की सैन्य सहायता में कटौती के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का पुरजोर समर्थन किया था, क्योंकि उस देश ने अमेरिकी सैनिकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों का समर्थन किया था। यह हमारे सैनिकों, हमारे करदाताओं और हमारे महत्वपूर्ण हितों के लिए एक बड़ी जीत थी। हम अभी भी उन्हें अन्य सहायता दे रहे हैं। राष्ट्रपति के तौर पर मैं हर पैसे को ब्लॉक कर दूंगी।

# प्रिंस हैरी, मेगन को शाही महल से किया गया बेदखल, शादी में महारानी एलिजाबेथ ने दिया था गिफ्ट

**लंदन।** प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन को ब्रिटेन के शाही महल विंडसर एस्टेट से बेदखल कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया है। अब प्रिंस हैरी के पास ब्रिटेन में कोई ठिकाना नहीं रह गया है। फिलहाल प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन अमेरिका में रह रहे हैं। बता दें कि विंडसर एस्टेट में स्थित फ्रोगमोर कॉटेज को दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने प्रिंस हैरी को शादी में बतौर तोहफा दिया था। ... सालाना ग्रांट में ढाई लाख पाउंड की कटौती की जा सकती है। जिसके चलते प्रिंस एंड्रयू को



अपने मौजूदा 30 कमरों वाले रॉयल लॉज को मजबूर हो सकते हैं। ड्यूक और डचेज ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल को जनवरी में ही इस महल को खाली करने के निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ साल 2020 में अमेरिका के कैलिफोर्निया में शिफ्ट हो गए थे और प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी ने शाही दर्जा भी छोड़ दिया था। इसके बाद प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में दिखाई दिए। इस डॉक्यूमेंट्री में प्रिंस हैरी ने राजशाही को लेकर कई खुलासे किए थे, जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। बीते दिनों प्रिंस हैरी की बायोग्राफी स्पेयर बाजार में आई। इस किताब की रिकॉर्ड प्रतियां बिक चुकी हैं लेकिन इस किताब में प्रिंस हैरी ने कई ऐसे खुलासे किए, जिसे लेकर उनकी आलोचना भी खूब हुई। बकिंघम पैलेस ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रिंस हैरी की तरफ से भी इस मामले में अभी तक कुछ नहीं कहा गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# भारतीय मूल के इंजीनियर निषाद ने क्रिप्टो एक्सचेंज धोखाधड़ी में गुनाह कबूला

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर निषाद सिंह को क्रिप्टो ट्रेडिंग फर्म में धोखाधड़ी के मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। निषाद सिंह FTX Trading Ltd में पूर्व चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। निषाद सिंह पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी में मल्टीलेयर स्कीम के जरिए इक्विटी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की गई। निषाद सिंह, सैमुअल बैकमेन-फ्राइड और गैरी वेंग के साथ एक क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म एफटीएक्स के संस्थापक हैं। बीते साल दिसंबर में फेडरल अथॉरिटीज ने बैंकमेन-फ्राइड के खिलाफ एक स्कीम की मदद से निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के आरोप तय किए थे। अब निषाद सिंह ने भी अपना गुनाह कबूल कर लिया है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की शिकायत के



अनुसार, निषाद सिंह ने एक सॉफ्टवेयर कोड बनाया था, जिसकी मदद से एफटीएक्स के ग्राहकों के फंड को एक क्रिप्टो हेज फंड अलमेडा रिसर्च में स्थानांतरित किया था। क्रिप्टो हेज फंड का मालिकाना हक बैकमेन-फ्राइड के पास है। बैकमेन फ्राइड ने निवेशकों से झूठा वादा किया कि एफटीएक्स एक सुरक्षित क्रिप्टो एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोप है कि निषाद सिंह को पता था कि बैकमेन फ्राइड का यह वादा झूठा था। आरोप है कि निषाद सिंह ने निवेशकों को धोखा देने में सक्रिय भूमिका निभाई। निषाद सिंह पर ये भी आरोप है कि उन्होंने एफटीएक्स से करीब 6 मिलियन डॉलर की राशि अपने निजी इस्तेमाल के लिए निकाली। इस राशि से निषाद ने आलीशान बंगला और विभिन्न चैरिटी के लिए दान दिया। बता दें कि निषाद सिंह अमेरिका के नागरिक हैं और अल्मेडा रिसर्च में इंजीनियरिंग हेड के पद पर थे, बाद में वह एफटीएक्स से जुड़ गए थे। मई 2019 से नवंबर 2022 तक वह हॉन्ग-कॉन्ग और बहामास में भी रहे। निषाद सिंह का बचपन कैलिफॉर्निया में बीता और वह बैकमेन-फ्राइड भाईयों के बचपन के दोस्त रहे हैं। साल 2017 में बैकमेन-फ्राइड और वेंग ने अल्मेडा रिसर्च की शुरुआत की। इसमें इंजीनियरिंग के काम के लिए निषाद सिंह को शामिल किया गया। साल 2019 में निषाद सिंह और वेंग ने एफटीएक्स की स्थापना की। इसके साथ ही निषाद अल्मेडा रिसर्च से बतौर हेड इंजीनियर भी जुड़े रहे। जब नवंबर 2022 में एफटीएक्स में धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो उस वक्त निषाद कंपनी में बतौर सीनियर एग्जीक्यूटिव, इंजीनियरिंग डायरेक्टर और शेयर होल्डर के तौर पर कंपनी के साथ जुड़े थे।

# सराफा बाजार- सोना और चांदी में फिर आई गिरावट

**नई दिल्ली।** सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद आज एक बार फिर भारतीय सराफा बाजार कमजोरी का शिकार हो गया। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं को गिरावट का सामना करना पड़ा। हालांकि आज की गिरावट मामूली रही लेकिन इसकी वजह से चांदी एक बार फिर 64 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को सोने का आखिरी बंद भाव 56,140 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज इसकी कीमत में 74 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। सोने की अलग-अलग श्रेणी में आज 74 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 44 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में 335 रुपये प्रति किलोग्राम फिसल गया। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 74 रुपये की नरमी के साथ गिर कर 56,066 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 73 रुपये की कमजोरी के साथ 55,842 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में भी आज 68 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 51,356 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 56 रुपये कमजोर होकर 42,049 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 44 रुपये सस्ता होकर 32,798 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई। आज की गिरावट के कारण चांदी एक बार फिर 64 हजार रुपये के स्तर से नीचे पहुंच कर कारोबार करने लगा। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 335 रुपये प्रति किलोग्राम की नरमी दर्ज की गई।